Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 297 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 19 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



सदाचार की उपासना करो चमत्कार नहीं।
Adore morality not miracle.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद अग्नि त्रासदी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शोक व्यक्त किया, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हैदराबाद के ऐतिहासिक चार मीनार इलाके में आग लगने की घटना में जान गंवाने वालों पर गहरा दुख व्यक्त किया। साथ ही हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को लिखा, हैदराबाद में आग लगने की दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मौत बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बनाया राष्ट्रीय समन्वयक

**लखनऊ (आरएनएस)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। मायावती ने उन्हें पार्टी का मुख्य नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया है। दरअसल, आकाश आनंद रविवार को एक बार फिर बुआ मायावती के साथ नजर आए। आज मायावती ने सेंट्रल ऑफिस, लोधी रोड, दिल्ली में बसपा की एक राष्ट्रीय स्तरीय बैठक बुलाई, जिसमें देश के हर राज्यों से आए पदाधिकारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के सारे जिला अध्यक्ष, को-ऑर्डिनेटर भी शामिल हुए। बैठक में सारे नेशनल कॉर्डिनेटर, जनरल सेक्रेटरी एवं प्रदेशों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। बैठक में आज जब मायावती पहुंचीं तो उनके साथ आकाश आनंद भी दिखें।

### पाकिस्तान में लश्कर के आतंकी सैफुल्लाह खालिद की हत्या, भारत में कई हमलों में रहा शामिल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी सैफुल्लाह खालिद की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने सैफुल्लाह को गोली मारकर हत्या कर दी। सैफुल्लाह भारत में हुए कम से कम 3 आतंकी हमलों का साजिशकर्ता रहा है और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था। पहलगाम आतंकी हमले में भी सैफुल्लाह का नाम सामने आ रहा था। सैफुल्लाह खालिद को सैफुल्लाह कसूरी, अली, हबीबुल्लाह और नौमान समेत कई नामों से भी जाना जाता है। उसे आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है।

## इसरो का सैटेलाइट ईओएस-09 लॉन्च हुआ असफल, तीसरा चरण नहीं कर पाया पार



**श्री हरिकोटा (आरएनएस)।** इसरो को सैटेलाइट ईओएस-09 की लॉन्चिंग में सफलता नहीं मिली है। बताया जाता है कि लॉन्चिंग के तीसरे स्टेज में तकनीकी खराबी के चलते यह मिशन असफल हो गया है।

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि तीसरे स्टेज के दौरान तकनीकी खामी के चलते यह मिशन पूरा नहीं हो सका। पूरा विश्लेषण के बाद हम डिटेल्स में चीजों को बता सकेंगे। बता दें कि आज सुबह 5 बजकर 59 मिनट पर इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी61 रॉकेट द्वारा ईओएस-09 का प्रक्षेपण किया गया था।

उन्होंने बताया कि सैटेलाइट के लॉन्च का पहला और दूसरा स्टेज सामान्य रहा लेकिन तीसरे स्टेज को पूरा नहीं किया जा सका। कुछ तकनीकी खामियों के चलते ऐसा हुआ है। अब हम इस डेटा का विश्लेषण करेंगे और फिर मिशन पर लौटेंगे।

दरअसल, इस मिशन के तहत ईओएस-09 को पृथ्वी की सूर्य समकालिक कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करना था। इसका उद्देश्य रिमोट सेंसिंग डेटा मुहैया कराना था ताकि विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों को सटीक और नियमित डेटा मिल सके।

दिन-रात और किसी भी मौसम में पृथ्वी की सतह की हाई-रिजॉल्यूशन इमेज मुहैया कराने की दृष्टि से इसे डिजायन किया गया था। उन्नत रडार इमेजिंग तकनीक इसे बादलों, कोहरे या अंधेरे जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सटीक और उच्च-गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में सक्षम बनाती है।

ईओएस-09 को देश की रक्षा गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने की दृष्टि से डिजाइन किया गया था। इससे सीमा की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और रणनीतिक क्षेत्रों की मैपिंग में सहायता मिलती। इसकी हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग क्षमता सेना के लिए महत्वपूर्ण डेटा उपलब्ध कराने में सहायक साबित होती।

## विदेश मंत्री जयशंकर आज से करेंगे यूरोप के 6 दिवसीय दौरे की शुरुआत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार (19 मई) को नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा के साथ अपनी 6 दिवसीय यूरोप यात्रा की शुरुआत करेंगे। उनकी यह यात्रा 24 मई तक चलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री जयशंकर तीनों देशों के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर भी चर्चा करेंगे। यह यात्रा संभवत: भारत द्वारा प्रमुख यूरोपीय भागीदारों के साथ अपने रणनीतिक जुड़ाव को गहरा करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। चर्चाओं में व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, नवाचार और लोगों के बीच आपसी संबंधों में सहयोग शामिल होने की उम्मीद है। यह यात्रा भारत द्वारा यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद हो रही है। जिसके तहत ब्रिटेन के बाजार में 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों पर टैरिफ समाप्त हो गया है।

## जगरगुंडा में खुली इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया वर्चुअल शुभारंभ

### 12 गांव के 14 हजार लोगों को मिलेगा बैंक का लाभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को भी अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। बैंक की इस शाखा से आसपास के 12 गांव के लगभग 14 हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। लंबे समय से यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। पिछले डेढ़ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार में हम बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कामयाब हुए हैं। यही कारण है कि आज यहां बैंक की नई शाखा खुली है। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की सुरक्षा, विकास और विश्वास की रणनीति, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प से बस्तर अंचल के गांव तेजी से नक्सल समस्या से उबर कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में सभी ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है, जिस पर अमल करते हुए 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में 1460 अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। जहां ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है।

एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार की भी विस्तार से जानकारी दी। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान उन्होंने स्वयं डिजिटल सेवा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। ग्रामीण यहां बैंकिंग सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था। वर्ष 2001 में इस भवन में ग्रामीण बैंक की शाखा थी, जिसे नक्सलियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया था। आज इसी भवन में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुल रही है। यहां से ग्रामीणों को तेंदूपत्ता बोनस, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं की राशि गांव में ही मिलेगी।

वित्तमंत्री श्री चौधरी ने बैंक परिसर में कैश काउंटर और शाखा प्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बैंक में अपना भी खाता खुलवाया। उनके साथ महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने भी बैंक में अपना खाता खुलवाया। उल्लेखनीय है कि बैंक के साथ ही एटीएम की सुविधा भी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

शुभारम्भ कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव वर्चुअली जुड़े थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, कलेक्टर सुकमा श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन और बैंक के रीजनल मैनेजर श्री गौरीशंकर नायक जगरगुण्डा में उपस्थित थे।

## हैदराबाद में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 17 लोग जिंदा जले



**मृतकों में 8 बच्चे भी, संकरी सीढ़ी से निकल नहीं पाए**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।

फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है।

फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

## देहरादून में 6 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, दो महिलाएं भी शामिल

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड पुलिस ने 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 4 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। सभी देहरादून और हरिद्वार में नाम छिपाकर रह रहे थे।

उत्तराखंड के देहरादून जिले में क्लेमेंटटाउन थाना के अंतर्गत 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी की मदद करने के आरोप में एक भारतीय महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी बांग्लादेशी नागरिकों से मिलिट्री इंटेलिजेंस और आईबी पूछताछ कर रही है।

रिपोर्ट्स में यह खुलासा हुआ है कि बांग्लादेशी नागरिक मुनीर ने भारतीय महिला से शादी की है। वहीं हरिद्वार में भारतीय संग रह रही बांग्लादेशी महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी बांग्लादेशी अपना नाम और पहचान छुपाकर रह रहे थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय महिला से शादी करने वाला मुनीर 14 साल पहले राधिकापुर बॉर्डर कल्यगंजा पश्चिम बंगाल से अपने मामा के घर कल्याणगंज आया था। उसने दो साल तक नोएडा में काम किया। फिर भारतीय महिला से शादी की। 2016 में उसने झज्जर में ईंट भट्टे पर भी काम किया और फिर बांग्लादेश चला गया। 2023 में वह फिर भारत आया। दिल्ली के अशोक नगर में कुछ समय बिताने के बाद वह देहरादून में रह रहा था। इसके पहले कोटद्वार और रुड़की से भी पहचान छुपाकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में लिए गए थे।

भारत में बड़े स्तर पर बांग्लादेशी नागरिक अपनी पहचान छुपाकर रह रहे हैं। बिहार, बंगाल, दिल्ली, असम के साथ-साथ उत्तर-पूर्वी राज्यों में इनकी संख्या बहुत ज्यादा है। हर राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान चल रहा है और उनकी गिरफ्तारी हो रही है।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- 2029 तक देश की हर पंचायत में होगी पैक्स की स्थापना



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में गुजरात राज्य सहकारी संघ के विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका पर आयोजित महासम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने त्रिभुवन कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी की स्थापना की है, जो राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगी। देश के हर राज्य में सहकारिता से जुड़े सभी क्षेत्रों में कोऑपरेटिव के कॉन्सेप्ट के साथ पढ़ने की व्यवस्था बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि जब तक हम प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) को मजबूत नहीं करते तब तक सहकारी ढांचा मजबूत नहीं हो सकता है, इसीलिए मोदी सरकार ने 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का निर्णय लिया है। इस फैसले के अंतर्गत 2 लाख नई पैक्स और डेयरी रजिस्टर्ड की जाएंगी। सरकार ने विभिन्न प्रकार की लगभग 22 गतिविधियों को पैक्स के साथ जोड़ने का काम किया है। सरकार जल्द ही लिक्विडेशन में गई पैक्स के निपटारे और नए पैक्स के लिए भी नीति लेकर आने वाली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास शुरू हुआ और सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया। 2021 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुई शुरुआत के तहत सहकार से समृद्धि और विकसित भारत में सहकारिता की भूमिका के दो सूत्रों को देश के सामने रखा गया। उसी शुरुआत के अंतर्गत आज गुजरात में इस सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर विवाद जारी, कांग्रेस ने बीजेपी पर लगाया यह आरोप



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद विश्व बिरादरी में पाकिस्तान को बेनकाब करने लिए बनाए गए सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल को लेकर शुरू हुआ विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजे गए नामों पर गौर न करने को लेकर कांग्रेस-बीजेपी में जुबानी जंग जारी है. कांग्रेस जहां बीजेपी पर तरह-तरह के आरोप लगा रही है तो बीजेपी भी उनके हर बयान को काउंटर कर रही है. इस क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को लेकर सरकार ने कांग्रेस के साथ विश्वासघात किया है. ये सिर्फ एक कूटनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि भरोसे की भी बात है. जयराम रमेश ने बताया कि बीते शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गांधी से संपर्क किया बातचीत में बताया गया कि एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल जा रहा है और कांग्रेस से उसमें शामिल करने के लिए चार नाम भेजने को कहा गया. राहुल गांधी ने दोपहर 12:30 बजे तक किरण रिजिजू को पत्र लिखकर चार नाम भेज दिए. कांग्रेस का कहना है कि उन्हें पूरी उम्मीद थी कि उनके सुझाए गए चारों नाम प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाएंगे, लेकिन शनिवार को जब सरकार की प्रेस रिलीज़ सामने आई, तो पार्टी हैरान रह गई.

## शहर की स्वच्छता में स्वच्छता दीदियों की सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका : लखन लाल देवांगन

### उद्योग मंत्री ने स्वच्छता दीदियों को सौंपी ई-रिक्शों की चाबी, हरी झण्डी दिखाकर ई-रिक्शों को काम पर किया रवाना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि शहर की स्वच्छता में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहती है, उन्हीं के परिश्रम एवं योगदान से हमारा शहर स्वच्छ-साफ नजर आता है तथा गदंगी व कचरे से मुक्त होता है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना के साथ-साथ स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप समूचा देश स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति जागरूक हुआ है, स्वच्छता के महत्व को गंभीरता से समझा गया है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज नगर निगम कोरबा के केन्द्रीय भण्डारगृह में आयोजित ई-रिक्शों के लोकार्पण व वितरण कार्यक्रम के दौरान कही है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था हेतु लगभग 01 करोड़ रूपये की लागत से 15वे वित्त आयोग मद के अंतर्गत 28 नग ई-रिक्शों का क्रय किया गया है, आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने इन सभी 28 ई-रिक्शों का लोकार्पण करते हुए रिक्शों को निगम के स्वच्छता वाहन बेड़े में शामिल किया, इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, कार्यक्रम में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण, निगम के अधिकारी कर्मचारीगण व स्वच्छता दीदियाँ उपस्थित थी।

## भारत-पाक के बीच सीजफायर अनिश्चितकाल तक जारी

**अफवाहों पर ना दें ध्यान', संघर्ष विराम पर आया सेना का बयान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम (सीजफायर) को लेकर चल रही अफवाहों पर भारतीय सेना ने आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। सेना ने कहा है कि डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (DGMO) स्तर की कोई वार्ता आज निर्धारित नहीं है और सीजफायर समझौता समाप्त होने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

पिछले कुछ दिनों से कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा यह दावा किया जा रहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम समझौता 18 मई को समाप्त हो सकता है, जिससे आम जनता और विश्लेषकों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। इन खबरों में यह भी कहा गया कि डीजीएमओ स्तर की बातचीत आज होने जा रही है।

भारतीय सेना ने इन अटकलों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम को लेकर कोई नई बातचीत निर्धारित नहीं है और न ही सीजफायर समझौते के खत्म होने की कोई तिथि तय की गई है।

भारतीय सेना ने यह भी साफ किया कि 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच हुई बातचीत में सीजफायर बनाए रखने पर सहमति बनी थी, जिसकी कोई समाप्ति तिथि निर्धारित नहीं की गई। इसका मतलब है कि यह समझौता अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा। सेना ने मीडिया और आम जनता से आग्रह किया कि अधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। सेना का यह बयान ऐसे समय आया है जब सीमावर्ती इलाकों में लोग बढ़ते तनाव को लेकर चिंतित थे।

## अग्रणी समाजसेवी संजय राजू जैन राजिम का देहावसान

### जैन समाज में सब कर रहे हैं दुख का अनुभव



**राजिम (विश्व परिवार)।** श्री संजय जैन राजू (राजिम) अपने आप में समाज धर्म गुरु सेवा को समर्पित एक ऐसा व्यक्तित्व था जिसके चले जाने का समाचार सुनकर प्रत्येक धर्म प्रेमी चाहे वह छत्तीसगढ़ का हो या कहीं अन्य प्रदेश का, जो उन्हे जानता था

काफी दुख का अनुभव हो रहा है। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

कीर्तिशेष संजय जैन राजिम अपने आप में गुरु भक्ति की मिसाल थे। समाज सेवा के हर काम में हुए अग्रणी भूमिका निभाते थे।

गुरु भक्ति का आलम यह था कि वे सैकड़ो किलोमीटर गुरु जी के साथ पद बिहार में रहकर अपनी गुरु की प्रति निष्ठा का भाव रखते थे वहीं के स्वकल्याण का मार्ग भी प्रशस्त किया करते थे।

मुझे याद है कि गोमटेश्वर बाहुबली के हाल ही में संपन्न हुए महामस्तिकाभिषेक के 20 दिन बाद जब में आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के दर्शन हेतु गोमटेश्वर से लगभग 80 किलोमीटर दूर एक छोटे से गांव में कुंदादि गिरी पर्वत के निकट पहुंचा तो मैंने देखा कि संजय जैन राजिम उनके साथ पैदल चलते चले आ रहे हैं। पूछा तो उन्होंने बताया कि विगत 20 दिनों से वह साथ में है। उनकी लगन के इस उदाहरण से उनके गुरु भक्ति को आंका जा सकता है कि राजिम से हजारों किलोमीटर दूर कर्नाटक के जंगल में गुरु जी के साथ पद बिहार कर उनकी सेवा में संलग्न रहना उनके गुरु भक्ति आंतरिक शुभभाव का ही दिग्दर्शन कराता है। जब भी उनसे मिलन हुआ गुरु भक्ति और समाज सेवा की चर्चा उन्होंने की।

कम उम्र 55 वर्ष की अल्पायु में उनके चले जाने पर सभी शुभ चिंतकों को हृदय से दुख हुआ है।

एक समाजसेवी के बिछड़ने की पीडा है। उनकी भव्य आत्मा के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए परिवार जनों के साथ संवेदना का भाव है। दिवंगत आत्मा को उच्च्य गति प्राप्त हो एवं शोकाकुल परिवारजन इस बज्रपात को सहने की शक्ति रख सकें ईश्वर से प्रार्थना है। हार्दिक नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि के साथ उनके कम उम्र में चले जाने पर किसी ने सही ही कहा है

किसी की कुछ बरष की जिंदगी, सौ काम करती है।
किसी की सौ बरस की जिंदगी में, कुछ नहीं होता।।

**-शोक निमग्न- प्रदीप कुमार जैन संपादक**

दैनिक
# विश्व परिवार
## रायपुर/दुर्ग-भिलाई/सूरजपुर
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### 'ऑपरेशन सिंदुर' : नगर पालिका जामुल में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका जामुल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ऑपरेशन सिंदुर हम सेना के साथ हैं के लिए, नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के मार्गदर्शन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। भारत माता की जय के गगन भेदी नारे एवं देश भक्ति गाने के साथ तिरंगा यात्रा नगर पालिका जामुल कार्यालय से प्रारंभ हुआ जो कि डीजे में गीत संगीत के साथ नगर भ्रमण कर भारतीय सेना के साथ होने का परिचय देते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने ऑपरेशन सिंदुर के बारे में बताया कि हमारे राष्ट्र भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने वाले के खिलाफ हर नागरिक है। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ऑपरेशन सिंदुर के समर्थन में हर वर्ग के शामिल होने का अपील किया जिसमें जामुल के सभी दल के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलो के पदाधिकारी, सामाजिक संस्था के गणमान्य नागरिकों एवं महिला समुह के सदस्य गण भारी संख्या में उपस्थित हुए और भारतीय सेना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्द्रेवार पार्षदगण कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, निशा चन्द्रेवार, खम्हन ठाकुर, अधिकारीगण के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत, आशा जंघेल, रामू देवांगन, शिवनंदन देवांगन, हिम्मत मंडावी, दयालु जंघेल, रवि चौहान, बशीर खान, हर्षा मेहरा, राजनितिक दलों के पदाधिकारी प्रशांत गुप्ता, सोनू यादव, अनुप राय, उमेन्द वर्मा, दुर्योधन साहू, लेखराम साहू, तुकेश सेन सहित महिला समुह के अनिता साहू, प्रीति वर्मा, संतोषी वर्मा, हेमलता साहू सहित आम नागरिक गण बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

### ऑफिसर्स एसोसिएशन का केएल भील क्षेत्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र नारायण सिंह सर्व समिति से सचिव नियुक्त

**सूरजपुर ( विश्व परिवार )।** बिश्रामपुर कोल माइंस ऑफिसर्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया की बैठक ऑफिसर्स क्लब में संपन्न हुई



जिसमें संगठन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से के एल भील को अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह को सचिव का दायित्व सौंपा। जानकारी के अनुसारस्थानीय ऑफिसर्स क्लब में आहूत बैठक में सर्व सम्मति से सीएमओएआई बिश्रामपुर क्षेत्र के पदाधिकारियों का चयन कर नई कार्यकारिणी घोषित की घोषणा सर्वशक्ति से की गई जिसे सदस्यों ने ताली बजाकर चयनित पदाधिकारी का स्वागत किया। ऑफिसर्स एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी में केएल भील को क्षेत्रीय अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह एवं एसबी तिवारी, सचिव अमरेन्द्र नारायण सिंह, सह सचिव व्हीपी सिंह, डी. डब्लू जगताप, कोषाध्यक्ष एसके जोददार, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती डॉ. श्रीतालाल के स अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में जीडी मंडल, अनिल लहरे, एसएस रात्रे, मनीष वर्मा, डॉ. सत्यपाल जोहले, विरषा मुंडा, विवेक सिन्हा, प्रिंस साहू, व्हीके बंडी, अवनीश को शामिल को किया गया। ऑफिसर्स एसोसिएशन के नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी की घोषणा के पश्चात क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह ने सभी को नवीन दायित्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के दिनेश निषाद बने जिला अध्यक्ष

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन (इंडियन फेडरेशन ऑफ वकिंग जर्नलिस्टस नई दिल्ली से सम्बंध) के द्वारा यूनियन



के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व्यास पाठक, संरक्षक अनिल पुसडकर,प्रवीर सिह बन्देशा,प्रदेश महामंत्री कुलवंत सिंह सलूजा ,शिवशंकर सोंनपीपरे, प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा के सहमति से संगीत नगरी खैरागढ़ के सक्रिय पत्रकार नीलेश यादव को नवगठित जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडाई जिला का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया इसी प्रकार से धर्म नगरी डोंगरगढ़ निवासी दिनेश निषाद को राजनादगांव जिला का अध्यक्ष बनाया गया है, और नवगठित जिला अम्बगड़ चौकी मानपुर मोहला के सक्रिय पत्रकार आशीष कसार को जिला अध्यक्ष बनाया गया तीनो सक्रिय पत्रकारों को जिला अध्यक्ष बनाया गया है बतादे की इसके पूर्व में भी तीनो पत्रकार छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के सक्रिय सदस्य रह चुके है और सदस्य रहते हुए भी इनका कार्य संघठन के प्रति अच्छा रहा है इसी को देखते हुए छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा के अनुशंसा से तीनों की नियुक्ति की गई तीनो अध्यक्ष को प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है कि सभी अध्यक्ष अपने अपने जिला कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यलय को भेजे साथ ही संगठन के कार्य मे तेजी लाये नव नियुक्त जिला अध्यक्षो को सभी लोगो ने बधाई प्रेषित की वही जिला अध्यक्ष के पद ग्रहण करने वाले नीलेश यादव,खैरागढ़,आशीष कसार अम्बगड़ चौकी,दिनेश निषाद राजनादगांव ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व्यास पाठक,प्रदेश महामंत्री कुलवंत सलूजा,शिवशंकर सोनपिपरे,प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया और कह की जो जिम्मेदारी हमको दिया गया उसे बखूबी निभाएंगे।

### यातायात विभाग की बड़ी कार्रवाई, बसों-ट्रकों से हटाई गईं तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्स

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आकड़ों को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी श्री एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों, ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। उक्त कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया गया, जिनमें कुल मिलाकर पांच हजार रूपए का चालान किया गया। साथ ही दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स बीस हज़ार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया।

## रिसाली में 4 करोड़ के विकास कार्य को विधायक ने जनता को किया समर्पित, नेवई-पाटन मुख्य मार्ग होगा रोशन



**रिसाली ( विश्व परिवार )।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र में तीन करोड़ सत्यासी लाख बैसठ हजार का भूमिपूजन किया। उन्होंने लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास कार्य को जनता को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में कहा कि उनके लिए जनता सर्वपरि है।

दुर्ग ग्रामीण विधायक और केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। विकास कार्य के लिए हमेशा वे नागरिकों के साथ खड़े है। उन्होंने संबोधन में कहा कि प्रदेश की विष्णू सरकार ने जो वादा किया उसे निभाया है। जो कार्य करने का वादा किया था उसे आज मूर्त रूप देने भूमिपूजन कर रहे है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने 5 घंटे से भी अधिक समय तक नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के अलग-अलग वार्डो में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना कर उन्हें साधूवाद दी। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। अतिथि के रूप में एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद हरीशचंद्र नायक, खिलेन्द्र चंद्राकर, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, आदि उपस्थित थे।

**अब रोशन होगा नेवई-पाटन मार्ग-** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रविवार को नेवई-पाटन मुख्य मार्ग में ट्यूबलर पोल लगाने भूमिपूजन किया। अम्बेडकर स्कूल से रिसाली निगम की शरहद तक कुल 185 डिजाइनर पोल लगाकर सड़क के दोनो दिशाओं में रोशन किया जाएगा। विधायक ने जनसभा में कहा कि इस कार्य से सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कर जनता को समर्पित किया है।

**विधायक ने श्रमवीरों का किया सम्मान-** जोरातराई के कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उन श्रमवीरों का सम्मान किया, जिनके परिश्रम से समाज स्वस्थ्य जीवन जी रहा है। विधायक ललित ने निःशुल्क सेवाए देने वाले के साथ मितानिन, स्वच्छता मित्र और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान किया।

**इन कार्य का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण-** वार्ड क्र. 37 में आंगनबाड़ी व बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य- 19.47 लाख। वार्ड क्र. 37 में जोरातराई स्कूल में प्रथम तल निर्माण- 56.29 लाख। वार्ड क्र. 37 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण- 65.56 लाख। वार्ड क्र. 37 में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण लोकार्पण- 29.95 लाख। शीतला मंदिर जीर्णोद्धार- 5 लाख। वार्ड क्र. 35 डुण्डेरा में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य- 8.35 लाख। अम्बेडकर स्कूल से सी.आई.एस.एफ. नेवई उतई पाटन मार्ग विद्युतीकरण- 200 लाख। वार्ड क्र. रूआबांधा में बैजूनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार- 3.00 लाख।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में भटगांव में ऐतिहासिक तिरंगा पदयात्रा

### ऑपरेशन सिंदूर के शूरवीरों को जनसैलाब का नमन

**सूरजपुर ( विश्व परिवार )।** शनिवार को भटगांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। तिरंगे की शान, नारों की गूंज और आंखों में देश के लिए सम्मान सब कुछ ऐसा था जैसे पूरा क्षेत्र वीर जवानों के सम्मान में एकजुट हो उठा हो। ऑपरेशन सिंदूर की



ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में नगर पंचायत द्वारा आयोजित पदयात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा।इस गौरवपूर्ण यात्रा का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। उनके साथ अहिवारा विधानसभा के पूर्व विधायक श्री सांवला राम डहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश्वरी राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य अनुज राजवाड़े, भाजपा जिला महामंत्री राजेश महलवाला, मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, भाजपा नेता दीपक गुप्ता, समेत अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नगर के सैकड़ों नागरिक शामिल हुए।यात्रा की शुरुआत मुख्य चौक से हुई और यह नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई समापन स्थल तक पहुंची।इस दरम्यान हाथों में तिरंगा लिए लोग भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे।इस दरम्यान कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा— ऑपरेशन सिंदूर ने देश को एक बार फिर यह भरोसा दिलाया कि हमारी सेना हर मोर्चे पर सक्षम है। यह पदयात्रा हमारी ओर से वीर सपूतों के लिए श्रद्धा और एकजुटता का प्रतीक है।पूर्व विधायक डहरे ने कहा कि देशभक्ति को केवल शब्दों में नहीं, कर्मों में उतारने का समय है। ऐसी यात्राएं समाज को प्रेरित करती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश्वरी राजवाड़े ने कहा, नगरवासियों की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि हर वक्त देश के साथ खड़ा है। बहरहाल यात्रा में मौजूद हर व्यक्ति की आंखों में गर्व और दिल में आभार था।

## कोयलांचल विश्रामपुर की गलियों और मोहल्लों में गुंजा भारत माता की जय-वंदे मातरम, भारतीय सेवा जिंदाबाद के लगे नारे




**सूरजपुर ( विश्व परिवार )।** आज कोयलांचल विश्रामपुर में हर मोहल्ले से हर गलियों से हर घर सड़क से लोगों ने अपने हाथों में तिरंगा पकड़ कर वंदे मातरम भारत माता की, पाकिस्तान मुर्दाबाद, तुर्की मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार बल्लू के आह्वान पर मुख्य नगर विश्रामपुर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय गोयल, राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष गोयल, नगर के वरिष्ठ व्यापारी खजान चंद जिंदल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता बलराम शर्मा, जतिन तायल श्यामू साहू वर्षा टंडन कविता मरकाम राखी सिंह सहित संजीत सिंह, ललित गोयल, रमेश दनोदिया, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता बलराम शर्मा, अनूप सिन्हा, अधिवक्ता प्रदीप गर्ग, पार्षद सीती कांत स्वाई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील सिन्हा, अंजू सिंह, अनीता सिंह, पूजा पटेल, कल्पना मिश्रा, देवशरण, धर्मेंद्र गुप्ता, कमलेश चौबे, रुस्त जहां, विजय कुर्रे, शिक्षक गौरीशंकर पांडे ने यात्रा का संचालन किया।सैकड़ो व्यापारियों ने विशाल तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा निकली गई विशाल तिरंगा यात्रा- नगर पंचायत बिश्रामपुर के अध्यक्ष निर्मला यादव के नेतृत्व में आरटीआई स्थित हनुमान मंदिर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रीय जागृत करने के उद्देश्य से विशाल तिरंगा यात्रा निकली गई जिसमें पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, श्रीमती श्यामा पांडे, गीता घोषाल, ज्योति सिंह, मोहिनी झा, राज किशोर चौधरी, रविशंकर बउबा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, दीनानाथ यादव, इंजीनियर विनय सिंह, पिंटू यादव, अनूप सिन्हा, सतीश तिवारी, सूरज गोपाल शेट्टी, धर्मेंद्र यादव, विनय तिवारी, अरविंद यादव, संदीप गोलू दास, आकाश सिंहा परमेश्वर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी व्यवस्था मे लगे रहे।

हौसला अफजाई करने तिरंगा यात्रा में पहुंचे प्रेम नगर विधायक- आज ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकली विशाल तिरंगा यात्रा में उपस्थित नगर वासियों का समर्थन करने प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल गोयल, जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, विश्रामपुर शिवनंदनपुर नगर पंचायत द्वारा निकल गई तिरंगा यात्रा में उपस्थित जन समुदाय को हौसला आफजई करने पहुंचे।

## सूर्य कुंड में लगे सुशासन समाधान शिविर में 228 मांग और शिकायतें प्राप्त हुई



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** सुशासन समाधान शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित रूप किया गया। शिकायत मिली थी कि घासीदास नगर सड़क नंबर 3 में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे नाली जाम हो जाने से परेशानी हो रही है। पानी सड़क पर बह रहा है। प्रभारी अधिकारी मौके पर पहुंच के देखे तो शिकायत सही था तुरंत जेसीबी से अतिक्रमण को खाली करवाया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाधान शिविर में पहुंचकर के इस बात की तारीफ किये। उनका कहना था कि शान द्वारा सुशासन समाधान शिविर इसीलिए चलाया जा रहा है कि जिन समस्याओं का निराकरण तुरंत किया जा सके उसे तुरंत करना है। समाधान शिविर का उद्देश्य ही है की त्वरित निराकरण किया जाए। जो भी मांग एवं शिकायत के 228 नए आवेदन के आए हैं। उसको छांट करके शीघ्रतापूर्वक उसे पर कार्रवाई की जाए, जो मांग है निगम द्वारा निराकरण हो सकता तो करें, नहीं तो शासन को प्रपोज बना कर भेजें। जो भी आवश्यक मांग होगी शासन उसे पूरा करेगा। सभी विभाग के काउंटर पर जाकर के उन्होंने निरीक्षण किये। प्रत्येक व्यक्ति से जानकारी प्राप्त कर रहे थे। आठ गर्भवती महिलाओं को गोद भराई किया गया एवं पांच कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। गोद भराई के दौरान जवाहर नगर निवासी श्रीमती राधिका राहुल टंडन ने कहा यह मेरे जीवन का बहुत सुखद अवसर है जब इतने सारे लोग मिलकर के हमें शुभकामना दे रहे हैं। आगामी समाधान शिविर दिनांक 19 मार्च 2025 दिन सोमवार को सुबह 10:00 से शाम 5:00 तक राम जानकी मंदिर डोम शेड वार्ड क्रमांक 30 में आयोजित है। इसमें वार्ड क्रमांक 30 प्रगति नगर, वार्ड क्रमांक 31 मदर टैरेसा नगर, वार्ड क्रमांक 32 बैकुंठ धाम सुंदर नगर, वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा, वार्ड क्रमांक 34 शिवाजी नगर के नागरिकगण आकर के अपने पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एवं अन्य नए आवेदन भी दे सकते हैं। शिविर के दौरान एमआईसी सदस्य नेहा साहू, पार्षद महेश वर्मा, पीयूष मिश्रा, संतोष मौर्या, मुकेश अग्रवाल, संदीप सेन, संजय सिंह, नोहर वर्मा जोन आयुक्त ऐशा लहरे, डॉ पियाम सिंह, अभियंता अरविंद शर्मा, अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, प्रभारी राजस्व अधिकारी शरद दुबे एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माना कैंप नगर पंचायत मे निकली विशाल तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का किया गया जय घोष

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** माना कैंप नगर पंचायत में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती के नेतृत्व में विशाल तिरंगा रैली निकालकर भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का जय घोष किया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के पराक्रम का अभिनंदन किया गया हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम के जय घोष एवं तिरंगा को लहराते हुए सभी वर्ग के लोग सेवा निवृत सैनिक, समाजसेवी संगठन, आम नागरिक महिला एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एक जुटता, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशाई कर दिया हम सभी



अपनी सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को नमन करते हैं आज का भारत नया भारत है जो किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है हमें सर झुकाने की जरूरत नहीं होगी हमारा डंका पूरी दुनिया में बजेगा उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है और पाकिस्तान आतंकवाद को शह देने का चेहरा उजागर हुआ है माना कैंप नगर पंचायत अध्यक्ष संजय यादव ने कहा की तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम सब एक जुटता का संदेश दे रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है नगर पंचायत उपाध्यक्ष के ऐबु ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान, शान भारतीय सैनिकों के साहस और पराक्रम को नमन करते हुए आज निकली गई तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया यह तिरंगा यात्रा नगर पंचायत माना से निकलकर पूरे माना कैंप का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड में संपन्न हुई इस तिरंगा यात्रा में नगर पंचायत के समस्त पार्षद गण, नगर पंचायत सीएमओ मोनेश्वर शर्मा एवं कर्मचारी गण देश की एकता एवं अखंडता को बनाए लिए एवं देश के वीर जवानों के सम्मान के लिए बढ़-चढ़कर भाग लिया भारत माता की जय घोष हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी बीच में लगाते हुए माना कैंप के लोग काफी उत्साह के साथ विशाल तिरंगा यात्रा मैं शामिल हुए।

## छात्र-छात्राओं में देशभक्ति का भाव जागृत कर राष्ट्र का करेंगे नव निर्माण : शंकर यादव



**सूरजपुर ( विश्व परिवार )।** सूरजपुर स्काउट गाइड के नव निर्वाचित अध्यक्ष शंकर यादव ने कहा है कि सुरजपुर जिला की समस्त विद्यालयों में स्काउट गाइड के माध्यम से बच्चों में आत्म सम्मान, अनुशासन, समाज सेवा, देशभक्ति के माध्यम से राष्ट्र का नव निर्माण हेतु तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सचेतक एवं भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ से जुड़े शंकर यादव अभी हाल ही में भारतीय स्काउट गाइड सूरजपुर जिला के अध्यक्ष बनाए गए हैं। शंकर यादव ने दैनिक विश्व परिवार से चाय की एक टपोरी में चर्चा में भारत स्काउट गाइड का स्थापना उद्देश्य विचारधारा पर कहा कि स्काउट गाइड विद्यार्थियों को एक अनुशासित नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह एक शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं को सर्वांगीण विकास करता है इससे निकल युवा हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो कर मजबूत बनता है।युवाओं में घर परिवार समाज भाईचारा का बोध कराता है। छात्रों को देश का अच्छा नागरिक बनाने में स्काउटिंग गाइडिंग महत्वपूर्ण भूमिका अब तक निभाते हुए आ रहा है या दूसरे शब्दों में कहे तो बच्चों को विद्यालयिन शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण करता है। भारतीय स्काउट गाइड के नौ नियम जो बच्चों के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति के अंदर मानव प्रवृत्ति में संवेदनशीलता पैदा करता है वह है विश्वसनीय होना, वफादार होना, छात्र-छात्राओं को आपस में भाई-बहन के रूप में रहना, विनम्र होना, प्रकृति प्रेमी होना, पशु प्रेमी होना, अनुशासित होना, साहसी होना, मितव्यी वाचन एवं कर्म शुद्ध होना यह नव नियम छात्रों को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा आगे कि ऐसे तो स्काउट गाइड का स्थापना 1914 में रुस्तम एडुल ने किया था तथा स्काउट गाइड के आंदोलन के संस्थापक और एवं रॉबर्ट डेन बेडेन पावेल ने किया।भारत स्काउट गाइड के संस्थापक हृदयनाथ कुंजरू जी रहे हैं। यह संस्था शुरुआती दौर में अंग्रेजों की बनाई हुई संगठन थी इसमें अंग्रेज बच्चों का प्रशिक्षण दिया जाता था। भारतीय स्काउट गाइड में भारतीय बच्चों का सम्मिलित करने का लड़ाई भगिनी निवेदिता एनीविसेंट ने किया तब से यह संस्था भारतवर्ष के साथ-साथ पूरे विश्व में बच्चों के सर्वांगीण विकास करने में लगी हुई है। हमारा भी प्रयास रहेगा कि सूरजपुर जिला में अपने वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड का उद्देश्य प्रत्येक विद्यालयों में पहुंचे तथा बच्चों को स्काउटिंग गाइडिंग की श्रेणी कब - बुलबुल, स्काउट -गाइड रोवर -रेंजर से प्रशिक्षण ले कर देश के नव निर्माण में युवा साथी सहयोग करें ऐसी प्रशिक्षण की व्यवस्था दिया जाएगा।

## समाधान शिविरों में किया जा रहा छत्तीसगढ़ जनमन का वितरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' नये क्लेवर के साथ मार्च का अंक प्रकाशित किया गया है। बाहरी

**फुलबगड़ी में ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी**

पृष्ठ पर उत्साहित आमजनों के रंगीन छायाचित्र के साथ प्रगति के बजट पर सुशासन का चित्र अंकित है। सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रकाशित जनमन और अन्य विभागीय ब्रोसर का वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमन में आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे उक्त अंक का वितरण सुकमा जिले के फुलबगड़ी में आयोजित समाधान शिविर में भी किया गया। शिविर में विभाग के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीण जनमन को पाकर उत्साहित नजर आये। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जनमन उक्त अंक में राज्य सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों, शासन की योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए उठाए गए कदमों की जानकारियों का समावेश है।

**302 क्रमांक कार्यालय नगर पंचायत शिवनंदनपुर**
दिनांक 16/05/2025

**इश्तिहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विमला देवी पति श्री कौशल किशोर, निवासी शांतिनगर, शिवंदनपुर, बिश्रामपुर, तह. लटोरी, जिला-सूरजपुर ( छ.ग. )** जिनका ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा निर्मित दुकान (साप्ताहिक बाजार) जिसे किराये पर लिया गया है, उक्त दुकान का हस्तानांतरण हेतु इस कार्यालय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस का समय **दिनांक 23/05/2025** तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

सही -
मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत शिवनंदनपुर जिला-सूरजपुर ( छ.ग. )

# रेत के अवैध खनन, परिवहन पर कार्रवाई, 2 चैन माउंटेन मशीन सहित 2 हाइवा सीज़



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में आज खनिज अमला द्वारा ग्राम भिलोनी, जोंधरा, कुकुरदीकला, अमलडीहा, उदइबंद एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई। जहाँ रात्रि लगभग 3-4 बजे अमलडीहा एंव उदईबंद रेत खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अमलडीहा रेत खदान क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 चैन माउंटेन मशीन एंव 1 हाइवा वाहन को सीलबंद किया गया तथा ग्राम उदईबंद अंतर्गत रेत खदान क्षेत्र से खनिज रेत का उत्खनन करते 01 चैन माउंटेन एंव 1 हाइवा वाहन को सील बंद किया गया। खदान क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंची खनिज टीम को देखकर मौके से सभी वाहन चालक और ऑपरेटर भाग खड़े हुए। जिसके पश्चात मौके पर पाये गए वाहनों को खनिज विभाग द्वारा सीज़ (ह्यद्गद्ब5द्ग) किया जाकर खदान संचालको को उत्खनन शर्तों के उल्लंघन किये जाने पर नोटिस चस्पा किया गया है। साथ ही लाल खदान मस्तूरी रोड तोरवा के समीप डंप लगभग 200 हाइवा रेत एंव 200 हाइवा मिट्टी को वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर जप्ती की कार्रवाई की गई। पूर्व मे 13 मई को कुदुदंड क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 04 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना कोनी में सुरक्षार्थ किया गया। 15 मई को खनिज अमला द्वारा करही कछार,सेंदरी, निरतू, घुटकू क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जहाँ करही कछार क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खनन करते 1 चैन माउंटेन मशीन को सीलबंद किया गया। निरतू क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते 3 ट्रैक्टर वाहनों को जप्त कर थाना कोनी को सुरक्षार्थ किया गया।सोढाखुर्द क्षेत्र से अवैध रूप से लगभग 150 हाइवा भण्डारित खनिज रेत को जप्त किया गया।

इस प्रकार 05 दिवस के भीतर खनिज विभाग बिलासपुर द्वारा खनिज रेत के अवैध उत्खनन पर 3 चैन माउंटेन 02 हाइवा सीज़ किया गया। अवैध परिवहन पर 07 ट्रेक्टर को जप्ती किया गया। अवैध भण्डारण पाये जाने पर लगभग 350 हाइवा रेत पर जप्ती की कार्रवाई की गयी है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई जारी है।

# दो टन बारूद, 12 टन राशन...!

### आखिर क्या थी केजीएच में छुपे नक्सलियों की मंशा

### ऑपरेशन कर्रेगुट्टा हिल ने हिलाकर रख दी नक्सलियों की बुनियाद

**जगदलपुर।** विपक्ष भले ही कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर सीआरपीएफ द्वारा चलाए गए एंटी नक्सल ऑपरेशन पर सवाल उठा रहा है, मगर इस ऑपरेशन ने बस्तर और छत्तीसगढ़ को बड़े खतरे से बचा लिया है। कर्रे गुट्टा पहाड़ी पर स्थित नक्सलियों के ठिकानों से दो टन बारूद, घातक हथियारों का जखीरा और 12 टन अनाज मिलना कोई मामूली बात नहीं है। इस 2 टन बारूद से पूरे छत्तीसगढ़ के जर्रे जर्रे को तबाह किया जा सकता था। ये तो भला ही सीआरपीएफ, डीआरजी और एसटीएफ के उन जांबाज अधिकारियों और जवानों का जिन्होंने राज्य को बड़े खतरेसे बचा लिया।

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी, जिसे केजीएच या कर्रेगुट्टालु हिल के नाम से भी जाना जाता है छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश के नक्सलियों का बहुत बड़ा ठिकाना रहा है। यहां नक्सलियों ने दर्जनों बंकर तीन लेथ मशीनों और उपकरणों से युक्त हथियार बनाने की फैक्ट्रियां अनाज गोदाम और हथियार भंडार बना रखे थे। सुरक्षा बलों ने लगातार 21 दिनों तक ऑपरेशन केजीएच चलाकर जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, वह नमन करने योग्य है। सीआरपीएफ जवानों ने इस ऑपरेशन 31 दुर्दांत नक्सलियों को ढेर कर दिया और उनके हथियार भंडारों, हथियार बनाने के कारखाने, बड़े नक्सली संगठनों के हेड क्वाटर, बंकर्स, पीएलजीए की टेक्निकल डिपार्टमेंट यूनिट, शस्त्र भंडार को भी जमीदोज कर दिया। नक्सलियों ने पहाड़ी पर बनाए गोदामों में दो टन बारूद और 12 टन अनाज जमा कर रखा था। इससे नक्सलियों की मंशासाफ जाहिर हो जाती है कि वे लंबे समय तक बस्तर में विध्वंस मचाने की पूरी तैयारी कर चुके थे। विस्फोटकों के जानकार बताते हैं कि दो टन बारूद से छत्तीसगढ़ के बड़े हिस्से को पूरी तरह तबाह किया जा सकता था। नक्सली एक तरफ तो बार बार शांति वार्ता की दुहाई देते रहे और दूसरी ओर कर्रेगुट्टा पहाड़ी के अपने ठिकानों में बारूद और रसद जमा करते रहे। साफ जाहिर होता है कि शांति वार्ता के बहाने सुरक्षा बलों के ऑपरेशन पर विराम लग जाए और नक्सली इधर खूनी खेल खेलते रहें। इसके 4-5 उदाहरण बस्तर के बीजापुर एवं सुकमा जिलों से हाल के दिनों में सामने भी आ चुके हैं, जब ऑपरेशन कर्रेगुट्टा हिल थमते ही नक्सलियों ने चार बेकसूर लोगों को मार डाला।

# कलेक्टर-एसपी तिरंगा यात्रा में शामिल होने एक साथ पहुंचे बहतराई गांव




**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह आज एक साथ तखतपुर विकासखंड के ग्राम बहतराई में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का आयोजन एनआरएलएम की महिला समूहों की अगुवाई में किया गया था। कलेक्टर और एसपी दोनों महिलाओं और ग्रामीणों के साथ तिरंगा रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने इस अवसर पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की कथा सुनाई। संपूर्ण गांव का वातावरण देशभक्ति मय भावनाओं से सराबोर हो गया। सबने भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने इस पावन मौके पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। भू जल स्तर बढ़ाने में योगदान पर उनसे चर्चा की। उन्होंने गांव की स्वयं सहायता समूह की दीदियों और ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि पानी की लगातार घटती उपलब्धता हम सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सुझाव दिया कि परंपरागत धान की खेती के स्थान पर ऐसी फसलें अपनाई जाएं जिनमें जल की खपत कम हो। इसके साथ ही उन्होंने वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे न केवल भूजल स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि भविष्य के लिए जल की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। स्व सहायता समूह की दीदियों ने इस दौरान गांव में नशे की बढ़ती समस्या और अवैध शराब की बिक्री के कारण गांव में बढ़ती नशाखोरी की शिकायत की।

इस पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए गांव में चलित थाना प्रारंभ करने की बात कर समस्या निवारण का आश्वासन दिया और कहा कि अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और गांव को नशामुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, समूह की महिलाएं मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें ग्रामीणों को वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त-खबर

### लखमा के करीबी राजकुमार तामो के यहां एसीबी का छापा

**जगदलपुर।** कांग्रेस सरकार के दौरान हुए छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले के तार बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बाद अब दंतेवाड़ा जिले से भी जुड़ गए हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो व ईओडब्ल्यू की टीम ने शनिवार को दंतेवाड़ा के कांग्रेस नेता राजकुमार तामो के निवास पर दबिश दी। दंतेवाड़ा के कुम्हाररास स्थित राजकुमार तामो के मकान में सुबह 9 बजे यह टीम पहुंची। कांग्रेस प्रदेश सचिव राजकुमार तामो शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी माने जाते हैं। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बयान के आधार पर सर्च वारंट होने का हवाला देकर जांच की बात कही। इसके बाद जमीन रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेजों को लेकर फोटोकॉपी करवाने भेजा। उसके बाद राजकुमार तामो से घंटों पूछताछ भी की गई। इस मामले में राजकुमार तामो ने बताया कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। उनके खुद के कुछ वाहनों के कई इंस्टालमेंट फाइनेंस कंपनियों में ओवरड्यू चल रहे हैं।

### हितग्राहियों के घर घर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**जशपुरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत् लाभ दिए जाने हेतु स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा डोर-टू डोर जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम सजापानी में हितग्राहियों के घर घर जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया और जहां नेटवर्क की असुविधा के कारण कार्ड बनाने में परेशानी हो रही थी वहां हितग्राहियो को एक पेड़ के नीचे एकत्रित कर शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाया गया।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए केन्द्र सरकार ने 70 साल व इससे अधिक उम्र के व्यक्तियो को 5 लाख तक मुक्त ईलाज की सुविधा दिये जाने हेतु आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारंभ किया है। जिसका लाभ आयुष्मान योजना के तहत् रजिस्टर्ड किसी भी निजी और सरकारी अस्पताल में करा सकते है। इसका लाभ हर वर्ग व आयु के वरिष्ठजन ले सकते हैं। इसकी एक और खास बात यह है कि पहले से परिवार का आयुष्मान कार्ड बना हो तो भी 70 से ज्यादा वालों को 5 लाख का अतिरिक्त कवर मिलेगा। बुजुर्गो को इस योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए जिले के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही पात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा।

### जशपुर पुलिस को ऑपरेशन शंखनाद के तहत बड़ी सफलता, पांच तस्कर गिरफ्तार

**जशपुर।** जशपुर पुलिस को पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत एक साथ दो बड़ी सफलताएं मिली हैं। जहां एक ओर चौकी दोकड़ा क्षेत्र से 21 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया, वहीं थाना दुलदुला क्षेत्र में एक पुराने मामले में फरार चल रहे झारखंड के पशु तस्कर को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। 16 मई को चौकी दोकड़ा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ तस्कर गौवंशों को बेरहमी से हांकते हुए झारखंड ले जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेबड़ा जंगल में घेराबंदी कर 21 गौवंशों को मुक्त कराया और तीन तस्करों — ललिंदर राणा, सुनील टेटे और राजेश बीलूंग खड़िया को हिरासत में लिया।

वहीं, एक लाल रंग की किया सोनेट कार से रेकी कर रहे दो संदिग्धों में से एक — मो. नजीबुल्लाह हुसैन को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी सरफराज आलम फरार हो गया।

पुलिस ने कार, 75,000 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और कुल 21 गौवंशों को जप्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 16 लाख 95 हजार रुपये आंकी गई है। दूसरी ओर, 6 जनवरी 2025 को दुलदुला थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन से 11 गौवंशों की तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी मुख्तार हक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जशपुर।** ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम दुलदुला विकासखंड के चराईडांड शिव मंदिर से आम बगीचा तक आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत , नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव भरत सिंह,विक्रमादित्य सिंह जुदेव, सुनील गुप्ता, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर रोहित व्यास, एस एस पी शशी मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और जनप्रतिनिधिगण, पंचायत एवं नगरीय निकायों के प्रतिनिधि, अधिकारी, आम नागरिक, बच्चे एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए।

लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक यात्रा में शामिल हुए

यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम और 'जय हिंद' के नारों से सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह हमारे शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पूरे जिले में एक साथ तिरंगा यात्रा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना, जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं, मातृशक्ति एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कम समय में इतनी बड़ी भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता एकजुट होकर राष्ट्र के लिए खड़ी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। यह अभियान उन शहीद जवानों को समर्पित है जिन्होंने अपनी शहादत से राष्ट्र का मान बढ़ाया। उन्होंने उल्लेख किया कि उरी हमले के बाद जिस प्रकार से सेना ने जवाब दिया, और हाल ही में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा की गई कायरतापूर्ण घटना में छत्तीसगढ़ के सपूत सहित अन्य जवानों की निर्ममहत्या का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त की।

# घर बैठे करें रजिस्ट्री,आम जनता की बढ़ेंगी सुविधाएं

**जगदलपुर।** रजिस्ट्री में 10 क्रांतियों के लिए कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में वित्त,वाणिज्यकर (पंजीयन) मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि सरकार लोगों के जीवन में बदलाव के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। इसी प्रक्रिया में पंजीयन विभाग में आम जनता की सुविधा,सेवा हेतु 10 नई सुविधाएं की पहल की है। रजिस्ट्री एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो आम जनता की आवास या जमीन की आवश्यक दस्तावेजों के लिए जरूरी है। नवीन सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने की पहल किया जा रहा है। सरकार सुगम ऐप का संचालन कर आमजनों को जमीन की खरीदी बिक्री की सुविधा दे रही, साथ ही विक्रय वाले स्थल में पेड़ों पर पंजीयन शुल्क का जीरो किया गया है। सभी राजस्व रिकॉर्ड को डिजिटाइजेशन करने की प्रक्रिया किया जा रहा है। पंजीयन के लिए पुराने नियमों को परिवर्तित किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 नई सुविधा के सफल क्रियान्वयन में तहसीलदार, राजस्व विभाग की और पंजीयन विभाग की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा सभी पंजीयन कार्यालय को कार्पोरेट सेक्टर वाली सुविधाएं देने की पहल की जा रही है। मंत्री ने नए प्रावधानों के संबंध में चर्चा किए।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय एवं समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर श्री हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन,समस्त राजस्व अधिकारी, पंजीयन कार्यालय के अधिकारी सत्या कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर के मास्टर ट्रेनर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बिल्डर्स - कॉलोनाइजर्स, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान भी किया। इसके साथ ही उप पंजीयक श्रीमती सत्या कश्यप ने नए नियमों की विस्तृत जानकारी भी दी । पंजीयन विभाग ने जनता की सुविधा और दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए सॉफ्टवेयर में 10 नई सुविधाएं शामिल की है।

क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

खसरा नंबर दर्ज कर संपति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र

संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण-पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है।

अब स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का एक साथ यूपीआई, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप से भुगतान किया जा सकता है। पहले दोनों का भुगतान अलग-अलग स्थान पर नकदी में किया जाता था।

रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सअप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सअप के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित शिकायतें एवं फीडबैक भी दिया जा सकेगा।

पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकतानुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किये जा सकते हैं।

दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाईन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों जैसे रेंट एग्रीमेंट, मोर्गेज डीड आदि में शुरू की गई है। होम विजिट के माध्यम से पंजीयन कराए जाने की सुविधा तथा तत्काल आपाइंटमेंट सहित पारिवारिक दान, हक त्याग आदि में पंजीयन फीस मात्र 500 रुपए लिए जाने का प्रावधान है।

रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित क्रेता का नाम राजस्व रिकॉर्ड में स्वतः दर्ज हो जाएगा। इसके लिए अलग से नामांतरण आवेदन, शुल्क या लंबी प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे नागरिकों के समय, प्रयास और खर्च तीनों की बचत होगी।

# उप मुख्यमंत्री साव ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

### खेलों इंडिया यूथ गेम में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को दी बधाई



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नेहरू चौक स्थित अपने शासकीय कार्यालय में 'जनदर्शन' आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। निजी और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने उनसे मुलाकात की और ज्ञापन सौंपे। साव ने उन सभी के आवेदन का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर जीते हुए मेडल उन्हें दिखाएं।

बिलासपुर के थांग ता खिलाड़ियों को दो ब्रांज मेडल मिला है। यह प्रतियोगिता पटना में 4 में से 15 मई तक आयोजित हुआ । उप मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के खिलाड़ी किरण साहू और आर्या अख्तर को मेडल जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। पोड़ी (ह) ग्राम पंचायत के सरपंच ने अपने गांव में खेल मैदान समतलीकरण करने की मांग की। बिलासपुर की शिवसेना प्रमुख रेवती यादव ने सरोवर हमारी धरोहर योजना में शहर के सभी तालाबों को शामिल कर सौंदर्यीकरण के लिए विशेष पैकेज की मांग रखी और खूंटाघाट जलाशय से इन सभी तालाबों को भरने के लिए ज्ञापन सौंपा। ग्राम बिरकोना की आदिवासी महिला किसान बबीता मरकाम ने ज्ञापन सौंपकर पटवारी द्वारा ऋण पुस्तिका के लिए परेशान करने का आरोप लगाया। साव ने एसडीएम को उनका आवेदन भेजकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 3 दर्जन आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए। अधिकारियों को ये सभी आवेदन भेजकर इनका सार्थक समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री ने शहीद परिवारों के परिजनों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया

### ऑपरेशन सिंदुर हस्ताक्षर अभियान चलाकर एकता का संदेश दिया

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चराईडाड़ शिव मंदिर के प्रांगण में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए और शहीद परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर ऑपरेशन सिंदुर की सफलता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक जशपुर मती रायमुनी भगत, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, पद्म जगेश्वर यादव, विक्रमादित्य सिंह जुदेव, भरत साय सुनील गुप्ता, कृष्णा राय, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशी मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक और सभी वर्गों के लोग, अधिकारी और कर्मचारी उत्साह से तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बगीचा विकासखंड के शहीद जवान एल के तिर्की के परिजन पत्नी मती रोजालिया तिर्की, शहीद जवान एमानुएल केरकेट्टा की पत्नी मती निर्मला केरकेट्टा, शहीद जवान अलेक्जेंडर लकडा पत्नी मती अल्मा लकड़ा इसी प्रकार शहीद जवान स्व प्रभु प्रकाश की पत्नी मती ईमालिया एक्का, शहीद जवान सुनीत लकड़ा के परिजन ऐलिन लकड़ा, शहीद जवान एच सी इलिसियुस लकड़ा परिजन कान्ति लकड़ा और जशपुर विकास खंड के भूतपूर्व सैनिक नायक राजू राम। इसी प्रकार कांसाबेल विकास खंड के भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय रजनीश बड़ा के परिजन मनोभा केरकेट्टा कुनकुरी विकास खंड के भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय फ्बीयानोस लकड़ा के परिजन पत्नी मती सुशन लकड़ा को और शहीद जवान सिमोन केरकेट्टा की बहु माटिल्डा केरकेट्टा को सम्मानित किया गया

## राजनांदगांव परिवार का अशोका रत्न निवासियों की ओर से साधुवाद व उनके सातिशय पुण्य की बारम्बार अनुमोदना



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हमारे गुरु महाराज एक बात अक्सर अपने प्रवचन मे बोलते हैं कि एक राई जितना जिनबिम्ब भी किसी परिवार के द्वारा विराजमान करना सातिशय पुण्य के प्रबल होने पर हीं होता है और फिर जिनालय का निर्माण मे अग्रणी रहकर तन, मन, धन और सबसे बड़ा कीमती समय देना न जाने कितने भवों का पुण्य एक साथ प्रबल होता है तब कोई व्यक्ति या परिवार जिनालय के निर्माण मे महत्वपूर्ण सहयोगी बनता है।

निश्चित ही पप्पु भैया जी और इनके परिवार का पुण्य संचित हुआ और उनके विचार मे अशोका रत्न मे एक छोटा हीं सही किन्तु भव्य जिन मंदिर का निर्माण कराने के भाव आये।

सम्पूर्ण रायपुर एवं विशेषकर अशोका रत्न निवासियों के भाग्य का उदय हुआ, वर्तमान के भगवान संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के उस भूमि पर चरणरज पड़ी और वो भूमि पवित्र तो हुई हीं साथ हीं ऊर्जा से परिपूर्ण हो गयी, अतिशय युक्त हो गयी तभी तो समय के पूर्व मन्दिर जी का ऐतिहासिक निर्माण भी हुआ।

मंदिर निर्माण मे विशेष सहयोग गुरुभक्त भाई मनीष जी बिलासपुर का रहा, आचार्य गुरुवर के हीं संघ के निर्यापक मुनिराज 108 श्री समता सागर जी के ससंघ कर कमलों से जिनबिम्ब भी सूर्य मंत्रो से प्रतिष्ठा को प्राप्त कर पूजित हुए।

अस्थाई वेदी मे विराजमान कर श्रावक श्राविकाएं अभिषेक, शांतिधारा व पूजा पाठ का लाभ लेकर पुण्यार्जन करते रहे, अब बड़े हीं पुण्य का अवसर आया और दिनांक 16-17-18 मई को वेदी प्रतिष्ठा की वो पुण्य घड़ी आ गयी जिसमे श्रीजी को अपने मूल स्थान जिन मंदिर मे विराजमान करने का सौभाग्य आया। आर्यिका रत्न 105 आदर्शमति जी की सुशिष्या 105 अंतर्मती जी एवं संघस्थ माताजी का सानिध्य एवं आमंत्रित ब्रह्मचारी अरुण भैया जी, हमारे अपने सदस्य ब्रह्मचारी सुनील भैया जी, आमंत्रित अंकित भैया जी का मार्गदर्शन सम्पूर्ण कार्यक्रम मे सोने मे सुहागा था। माताजी के सानिध्य मे सम्पूर्ण विधि विधान से भगवान मूल मंदिर व मूल वेदी मे बहुत हीं हर्षोल्लास व निर्विघ्न रूप से विराजमान हुए।

सम्पूर्ण रायपुर के श्रावक- श्रविकाए व अतिथिगण इसके साक्षी बने, इस पूरे पुण्य चक्र जिसमे प्रारम्भ से अंत तक राजनांदगाव परिवार के श्री संजय भैया -रितु भाभी, श्री संदीप-ऋचा, श्री अमित- शैली और चिरमिरी की बहु व हमारी बिटिया सौ.का. शिल्पा का तन, मन, धन, समय,के रूप मे विशेष सहयोग रहा, या यूँ कंहू की पूरे परिवार का हीं भरपूर सहयोग रहा तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होंगी, विशेष आभार मूर्ति प्रदाता पुण्यार्जक परिवार एवं विराजमान कर्ता परिवार, वैसे रायपुर के सभी मंदिरों के श्रावक श्राविकाओं का भी भरपूर सहयोग मिला विशेषकर श्री विनोद जी बड़जात्या, श्री सनत जी चूड़ी वाले, श्री जीतेन्द्र जी गदिया, श्री प्रदीप जी विश्वपरिवार, श्री अरविन्द जी बड़जात्या जी, श्री अभय पहाड़िया जी का सहयोग सराहनीय रहा। हम श्री शान्तिनाथ भक्त परिवार अशोका रत्न के समस्त सदस्यों की ओर से उन सभी का साधुवाद प्रेषित करते है जिन्होंने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, तन मन अथवा धन से समर्पण भाव के साथ जिनालय के निर्माण मे सहयोग दिया। साथ ही आरती बिल्डकॉन के डायरेक्टर, संगीतकार, पुजारीगण, टेंट वाले सोनू भाई, फोटोग्राफर, केटरर्स व अन्य सहयोगी तथा अशोका रत्न निवासियों का भी आभार व्यक्त करते है जिन्होंने श्रद्धा पूर्वक मन्दिरजी निर्माण व वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव मे सहयोग किया।

निश्चित ही जिनालय के निर्माण से सभी परिवार मे धर्म, सुख समृद्धि व शांति का संचार होगा सभी को बधाई व साधुवाद। श्री शान्तिनाथ भक्त परिवार अशोका रत्न शंकर नगर, रायपुर।

## ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा : तिरंगे की छांव में हमारी एकता




**डीमापुर ( विश्व परिवार )।** डीमापुर में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा के इस गौरवमयी समापन पर हम सबका हृदय गर्व, श्रद्धा और कृतज्ञता से भरा हुआ है। यह यात्रा मात्र एक आयोजन नहीं थी, यह हमारे राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति, हमारी सेना के प्रति कृतज्ञता, और संविधान के मूल मूल्यों को दोहराने का संकल्प थी।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें याद दिलाया कि जब भी भारत माता की सीमाएं खतरे में होती हैं, हमारे वीर सैनिक अग्नि की ज्वालाओं में क़दम रखकर देश की रक्षा करते हैं- बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी भय के।

इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हमने एकता, अखंडता और समर्पण का ऐसा दृश्य देखा, जो केवल भारत जैसे विविधताओं से भरे राष्ट्र में ही संभव है। आज मैं सभी नागरिकों से यह अपील करता हूँ कि जिस तरह से सैनिक सीमा पर जागते हैं, उसी तरह हम अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहें। जिस तरह वे धर्म, जाति, भाषा के भेद को भूलकर तिरंगे तले एक होते हैं, उसी तरह हम भी अपने समाज में भाईचारे और सहिष्णुता को प्राथमिकता दें। और जिस प्रकार हमारे वीर सैनिक हर परिस्थिति में संविधान की रक्षा करते हैं, वैसे ही हम भी संविधान के मूल्यों ङ्क स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व ङ्क को अपने जीवन का आधार बनाएं।

हमें ये समझना होगा कि देश की सेवा केवल सीमा पर खड़े होकर नहीं होती, बल्कि अपने व्यवहार, कर्म और सोच से भी देश को महान बनाया जा सकता है। मैं इस आयोजन से जुड़े हर नागरिक, युवा, महिला, बुजुर्ग और संगठन का आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी की भागीदारी ने यह प्रमाणित किया है कि भारत केवल एक भू-भाग नहीं, बल्कि एक चेतना है और तिरंगा उसका जीवंत प्रतीक है।

अंत में, मैं भारत माता की रक्षा में तत्पर हमारे उन वीर सैनिकों की भावनाओं को इस कविता के माध्यम से व्यक्त करना चाहता हूँ, जो हर आतंकवादी को एक ही संदेश देते हैं भारत से टकराओगे, तो मिट्टी में मिल जाओगे...

जब सरहद पर कदम पड़े, धरती भी काँप उठी,
वीरों की आंखें जलीं, जैसे ज्वाला आप उठी।
ना दिन देखा, ना रात देखी, ना देखी कोई सीमा,
जिसने भारत माँ को छेड़ा, उसकी मिट्टी कर दी शीघ्रिमा।
बंदूक नहीं, हम क्रोध लिए जब रण में उतर आते हैं,
सुन लो ऐ आतंक के सौदागर ङ्क हम मौत बना लाते हैं।
ये सेना चुप बैठी तो है, पर जब जागेगी आँधी,
हर गोली का हिसाब तुम्हें मिलेगा, यही है अबकी गांधी।
हम फूल नहीं, हम शूल सही, पर छूना आसान नहीं,
हम शांति के पुजारी हैं, पर अपमान सहना जान नहीं।
जो तिरंगे को आँख दिखाए, वो आँख न बच पाए,
भारत के बेटे हैं हम, हर बार शौर्य दिखाए।
तू छिपे सुरंगों में चाहे, या काले साए तले,
हम सूरज हैं, उजाला बनकर, पहुँचेंगे तेरे गले।
हर बम का जवाब मिलेगा, हर वार का वार होगा,
जब भारत बोलेगा 'जय हिंद', तेरा संहार होगा...!!!

-रवि सेठी

## संक्षिप्त समाचार

### आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज की भव्य अगवानी 30 मई 2025 को



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** पंच कल्याणक की तैयारियों की समीक्षा बैठक नारियल खेड़ा जिनालय पंच कल्याणक 31 मई से 5 जून तक पटाचार्य विशुद्ध सागर महाराज एवं संघ के 32 मुनि राज के सानिध्य में होगा। इसके लिए आज जिनालय परिसर में बैठक संपन्न हुई, अध्यक्ष शरद जैन एवं सुकेश जैन ने कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया आचार्य विशुद्ध सागर महाराज की भव्य अगवानी 30 मई को की जाएगी विधाना चार्य राजेश राज के निर्देशन में अनुष्ठान होगा संचालन विमल भंडारी द्वारा किया गया बैठक में प्रमुख रूप से पंचायत ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज बांगा समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु, पार्षद देवेंद्र भार्गव एडवोकेट मनोज जैन, पंकज जैन इंजीनियर अजय ज्योतिष, मुकेश जैन एडवोकेट, राजीव जैन गेहू कमलेश जैन, चक्रेश जैन, आदित्य मान्य एवं नारियलखेड़ा जैन समाज के अध्यक्ष शरद जैन, सचिव अरविंद जैन और कोषाध्यक्ष सुकेश जैन एवं समस्त श्री नमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नारियल खेड़ा समिति के लोग शामिल हुए। -**अंशुल जेन**

### विश्व संग्रहालय दिवस पर रायपुर में संग्रहालय अवलोकन एवं जैन पुरा संपदा संरक्षण पर चर्चा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा एवं निर्ग्रन्थ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश रारा एवं तीर्थ संरक्षिणी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ज्ञानचंद पाटनी ने राजधानी के महंत घासीदास संग्रहालय की जैन पुरा संपदा का अवलोकन किया, साथ में थे संग्रहालय के क्यूरेटर प्रभात कुमार सिंह, संस्कृति विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर प्रताप पारख एवं आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के असिस्टेंट आर्कियोलॉजिस्ट डॉक्टर हेग्रीव परिहार। इस अवसर पर महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के संग आरंग से प्राप्त जैन प्रतिमा एवं प्रदेश की जैन पुरा संपदा के संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की। पश्चात नया रायपुर के मुक्तांगन एवं छत्तीसगढ़ ट्राईबल म्यूजियम का अवलोकन किया तथा वहां पर आयोजित समारोह में भाग लिया। समारोह को मुख्य रूप से आईकॉम की बोर्ड मेंबर रीना दीवान, कोलकाता एवं इंदिरा गांधी ट्राइबल यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित सोनी अमरकंटक के द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष निशक्तजन आयोग महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल के डॉ. लोकेश कावड़िया एवं उनकी टीम के द्वारा संग्रहालय कर्मियों को सम्मानित किया गया। -**कैलाश रारा**

### सुशासन तिहार 2025 : ग्राम पंडरभट्ठा और खरोरा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज आरंग ब्लॉक के ग्राम पंडरभट्ठा और ग्राम खरोरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, समाधान अब गांव में ही हो रहा है। समाधान शिविर के अंतर्गत आज 300 से अधिक युवाओं को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाणपत्र एवं सामग्री किट वितरित की गई।

## श्रम विभाग में लाखों की संख्या में आवेदन लंबित : सुशील सन्नी अग्रवाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं मजदूर नेता सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों के आवेदन लाखों की संख्या में लंबित है, जैसे मिनीमाता महतारी जतन योजना में 4834, मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना में 110049, श्रमिक औजार सहायता योजना में 237729, सिलाई मशीन सहायता योजना में 10238, नौनिहाल छात्रवृति योजना में 20000, निर्माण मजदूर कौशल विकाश योजना में 14370, निर्माण श्रमिक सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 188153, नोनी सशक्तिकरण योजना में 14076, श्रमिकों के बच्चों हेतु निशुल्क गणवेश सहायता योजना में 47345, पंजीयन में कुल 13243 आवेदन लंबित है। यह डाटा श्रम विभाग के ऑनलाइन से प्राप्त आंकड़े हैं।

श्रमिकों से प्राप्त सूचना अनुसार आजकल सभी योजनाओं में जो पूर्व सरकार में 90 दिवस के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिलता था अब इस सरकार में 1 साल और कुछ योजनाओं में 3 साल तक कर दिया गया है जिसके कारण हमारे श्रमिक साथियों शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रहें हैं। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितार्थ संचालित योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन तक नहीं हो रहे हैं जैसे ई रिक्शा, सायकल, सिलाई मशीन आदि में।

पूर्व भूपेश बघेल की सरकार में जहां श्रमिक महिलाओं को दीदी ई रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत राशि रुपए 1 लाख सीधे उनके खाते में प्रदान किया जाता था, आज बीजेपी की सरकार में उनके लोन अकाउंट में दिया जा रहा है जिसके कारण कई श्रमिकों को खाते में उक्त अनुदान राशि जमा नहीं हो रहा है, जिसके कारण श्रमिक बहनों को लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व में जब भूपेश बघेल की सरकार थी तब श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 10वीं एवं 12वीं में टॉप 10 की सूची में आते थे उन्हें विभाग की ओर से 1 लाख रुपए, ई स्कूटी के लिए एक लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री की तरफ से एक लाख रुपए और हेलीकॉप्टर में घुमाया जाता था।

ये कैसा सुशासन है जिसमें श्रमिकों के साथ ऐसा शोषण हो रहा है। संज्ञान में यह भी आया है कि कई जगहों से प्लेसमेंट में कार्य कर रहे कर्मचारियों को जबरदस्ती नौकरी से निकाल दिया गया है तथा ठेका एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को सही समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं और श्रम विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही इन संस्थानों के ऊपर नहीं किया जा रहा हैं, तथा उद्योग एवं कारखानों में स्थानीय लोगों को रोजगार भी नहीं मिल रहा है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी तब प्रतिवर्ष श्रमिकों के सम्मान में मजदूर दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया जाता था। लेकिन इस बार पूंजीपति हितैषी सरकार ने श्रमिकों का सम्मान तो दूर सुध तक नहीं लिए।

### उद्योग मंत्री ने दी 01 करोड़ 20 लाख रुपए के विकास कार्यो की सौगात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 01 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यो की सौगात प्रदान की। उन्होने जहाँ एक ओर 55 लाख रूपये की लागत से संवारे गए कटहल गार्डन का लोकार्पण करते हुए उसे जनसेवा में समर्पित किया, वहीं दूसरी ओर जोन के 03 वार्डो को 65 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन कर कार्यो का शुभारंभ कराया।

## देश की तरक्की के लिए समाज का जागरूक होना जरूरी : अरुण साव




### संत समागम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के सेलूद स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय विराट संत समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कबीर आश्रम के मुखिया व साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री द्वारा आयोजित इस संत समागम में सांसद श्री विजय बघेल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने संतों की मांग पर आश्रम के कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने आश्रम की अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा दिलाया।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने संत समागम को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत समाज को मार्गदर्शन देते हैं। संत कबीर ने जीवन जीने का आचरण बताया है। उनकी वाणी आज भी प्रासंगिक है। उन्हें मानने वाले पूरे देशभर में हैं। इस आश्रम में कई तरह के अभावों के बीच भी कबीर के विचारों को लोगों तक पहुंचाने में आप लोग लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी संत कबीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। देश की तरक्की के लिए समाज का जागरूक होना जरूरी है। आज राज्य की सरकार और केंद्र की सरकार मिलकर लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने और हर परिवार को आत्म-निर्भर बनाने का काम रही है।

## श्री खुशवंत साहेब जी के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, उमड़ा विशाल जनसैलाब, जयकारों से गूंज उठा पूरा क्षेत्र




**नया रायपुर/आरंग ( विश्व परिवार )।** ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद पर किए गए प्रहार की गौरवगाथा को जनमानस तक पहुँचाने और सेना के पराक्रम को सम्मान देने हेतु आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में गुरु श्री खुशवंत साहेब जी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया था।

ग्राम गनौद, नया रायपुर में आयोजित प्रमुख तिरंगा यात्रा में आरंग विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गुरु श्री खुशवंत साहेब जी के साथ अभनपुर विधायक श्री इंद्रकुमार साहू जी ने भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जनसमूह ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे ओजस्वी नारों से समूचे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। इस आयोजन में रायपुर जिले के कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, एएसपी श्री विवेक शुक्ला सहित प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे. गुरु श्री खुशवंत साहेब जी ने इस अवसर पर कहा कि卐तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, यह हमारी अस्मिता, गौरव और बलिदान की पहचान है। इन आयोजनों के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना सुदृढ़ होती है।

इसके अतिरिक्त आरंग नगर, समोदा, पचेड़ा, दोंदेकला सहित आरंग विधानसभा के अन्य शहर, ग्रामों में भी गुरु श्री खुशवंत साहेब जी ने स्वयं तिरंगा यात्रा में भाग लिया और आमजन के साथ राष्ट्रप्रेम साझा किया। आरंग नगर में सृजन सोनकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 50 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकाली गई यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र था। आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष श्री ध्रुव कुमार मिर्धा, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्री श्याम नारंग, नगर पालिका अध्यक्ष श्री संदीप जैन, भाजपा के पदाधिकारी, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में नागरिकगण सम्मिलित हुए। गुरु श्री खुशवंत साहेब जी ने कहा कि हमारा तिरंगा एकता, संघर्ष, त्याग, बलिदान और समर्पण का प्रतीक है। जब हम सब इसके नीचे एकत्र होते हैं, तो वह दृश्य स्वयं में एक शक्ति बन जाता है जो राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है।

## मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा से पट्टाचार्य महोत्सव में अनेक विशेषांकों का हुआ विमोचन



**सुमतिधाम/इंदौर ( विश्व परिवार )।** चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज पट्टाचार्य महोत्सव, सुमतिधाम, इंदौर में विशुद्धरत्न मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा, विशुद्धरत्न मुनि श्री सुव्रतसागरजी महाराज, मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज के मार्गदर्शन व डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर के संयोजन में अनेक पत्र-पत्रिकाओं के पट्टाचार्य महोत्सव विशेषांक प्रकाशित किए गए।

सुमतिधाम, इंदौर में 2 मई 2025 को दोपहर के सत्र में विशेषांकों का विमोचन समारोह आचार्य श्री विशुद्धसागर जी सहित 12 आचार्यों, 400 से अधिक साधुओं के सान्निध्य में उत्साह पूर्वक किया गया। संचालन मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज ने किया। विशेषांकों का विमोचन सुमतिधाम इंदौर के मुखिया श्रेष्ठि मनीष जी गोधा, सपना जी गोधा, विद्वानों एवं पुण्यार्जक परिवारों ने किया। विमोचन के बाद एक- एक प्रति मंचस्थ सभी आचार्यों और साधुगणों को भेंट की गई।

समारोह में जैन गजट लखनऊ (सह संपादक डॉ सुनील संचय, राजेन्द्र महावीर), बुलेटिन (शास्त्रि परिषद, संपादक डॉ सुनील संचय), पार्श्व ज्योति बुरहानपुर (संपादक डॉ सुरेंद्र कुमार जैन भारती), अनोखी पत्रिका जयपुर (संपादक मनीष वैद्य जयपुर), सन्मति वाणी इंदौर (संपादक सुशीला सालगिया), अहिंसा संदेश रांची (संपादक सुरेश जैन रांची), नमोस्तु चिंतन (संपादक डॉ पी के जैन आस्ट्रेलिया, डॉ निर्मल शास्त्री, अतिथि संपादक डॉ सुनील संचय), दैनिक विश्व परिवार रायपुर (संपादक प्रदीप जैन रायपुर), अहिंसा करुणा सागर (संपादक मनीष जैन विद्यार्थी), जैन मित्र सूरत (संपादक शैलेश कापड़िया), नम्र वचन आदि विशेषांकों का विमोचन हुआ। इस मौके पर गणाचार्य श्री विराग सागर व्यक्तित्व- कृत्तित्व एवं सुमतिधाम प्रश्नोत्तरी का विमोचन भी किया गया।

सभी विशेषांकों की एक-एक प्रति मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज व मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज ने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के कर कमलों में भेंटकर आशीर्वाद ग्रहण किया। विमोचन समारोह के शुभारंभ में डॉ सुनील संचय ललितपुर व सौरभ कासलीवाल ने प्रज्ज्वलन किया। -**डॉ. सुनील जैन संचय**


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी. टी.-30-25-26, दिनांक- 08/05/2025**
**कार्य:** बिलासपुर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख और छोटे पुलों, विंग वॉल टो वॉल, डर्ट वॉल , बैलास्ट रिटेनर, सेस सुधार, जलमार्ग, वनस्पति निकासी, ड्राई पिचिंग, निरीक्षण कदम, इपॉक्सी ग्राउटिंग / प्लास्टर कार्य और किसी भी अन्य विविध कार्य के सुदृढ़ीकरण / सुधार का प्रावधाना
**निविदा मूल्य (रु):** 8,87,08,771/- **अमानत राशि (रु):** 5,93,600/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 18 माह

**क्रम सं. (2) ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी टी- 31-25-26, दिनांक- 08/05/2025**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता / शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान।
**निविदा मूल्य (रु):** 4,91,70,223/- **अमानत राशि (रु):** 3,95,900/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 24 माह

**क्रम सं. (3) : ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी. टी.-32-25-26, दिनांक. 08/05/2025**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के वरिस्ट अनुभाग अभियंता/ पी. वे/ मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान।
**निविदा मूल्य (रु):** 3,36,35,522/-**अमानत राशि (रु):** 3,18,200/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 24 माह

**क्रम सं. (4) ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी. टी.-33-25-26, दिनांक. 08/05/2025**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता उमरिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान।
**निविदा मूल्य (रु):** 5,10,42,583/- **अमानत राशि (रु):** 4,05,200/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 24 माह

**क्रम सं. (5) : ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी टी -34-25-26, दिनांक. 08/05/2025**
**कार्य:** बिलासपुर मंडल के वरिस्ट अनुभाग अभियंता/ पी. वे / बिजुरी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान।
**निविदा मूल्य (रु):** 3,12,01,815/- **अमानत राशि (रु):** 3,06,000/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 24 माह

**क्रम सं. (6): ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी. टी.- 35-25-26, दिनांक- 08/05/2025**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के वरिस्ट अनुभाग अभियंता पी. वे / बैकुंठपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान।
**निविदा मूल्य (रु):** 3,55,62,009/- **अमानत राशि (रु):** 3,27,800/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 24 माह
**निविदा जमा करने की आरंभ तिथि:-** दिनांक 19-05-2025 से । **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :-** दिनांक. 02-06-2025 के 11-00 बजे तक।

**क्रम सं. (7): ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी. टी.-36-25-26, दिनांक- 08/05/2025**
**कार्य:** बिलासपुर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक कार्य जैसे टी आर आर (पी) और टी एस आर (पी) टीआरटी /पीक्यूआरएस मशीन द्वारा तथा अन्य ट्रैक कार्य निष्पादन।
**निविदा मूल्य (रु):** 4,63, 27, 277/- **अमानत राशि (रु):** 3,81,600/- **कार्य पूर्णता की अवधि :** 18 माह
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि :- दिनांक 19-05-2025 से । **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :** दिनांक. 02-06-2025 के 11-00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी

**मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)**
सीपीआर/10/AM/52 **द.पू.म.रेलवे / बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail



# सनातन धर्म में महत्वपूर्ण वट सावित्री व्रत

सनातन धर्म महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार में से एक वट सावित्री का व्रत है। इसे विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए करती है। हिंदी पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर वट सावित्री का व्रत रखा जाता है। इस बार यह व्रत 26 मई को रखा जाएगा। इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है और वट वृक्ष व्रत को पूर्ण करने के लिए काफी महत्वपूर्ण भी है। इस वट वृक्ष की पूजा किए बिना यह व्रत पूरा नहीं माना जाता है, लेकिन शहरों में कई बार बरगद का पेड़ नहीं मिल पाता हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, तो आप घर पर ही इस खास विधि से पूजा कर व्रत का फल प्राप्त कर सकती हैं।

### बरगद का पेड़ ना मिले तो क्या करना चाहिए?

वट सावित्री व्रत के दिन पूजा करने के लिए बरगद का पेड़ ना मिले तो आप एक दिन पहले ही किसी से बरगद के पेड़ की टहनी मंगवा लें। और इसी पूजा कर सकती है। मान्यता है कि ऐसा करने से आपको व्रत का पूरा फल प्राप्त हो सकता है।

### बरगद की टहनी ना मिले तो क्या करे?

अगर पूजा करने के लिए टहनी या डाली भी ना मिले, तो तुलसी के पौधे के पास पूजा का सारा सामान रखकर वट सावित्री व्रत के नियमों का पालन करते हुए तुलसी मैय्या से अपनी कामना करते हुए पूजन कर सकती हैं।





# अगर सपने में दिखाई दें ये 5 चीजें तो जल्द ही बदलने वाली है जिंदगी!



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रात में सोते समय आपके हर सपने का कोई न कोई मतलब अवश्य होता है। ऐसा माना जाता है कि आपके सपने भविष्य में आपके साथ घटित होने वाली घटनाओं का संकेत देते हैं। प्राचीन ग्रंथों में स्वप्न व्याख्या के बारे में प्रचुर जानकारी उपलब्ध है। किस सपने का क्या मतलब है? इस बारे में जानकारी दे दी गई है। आपके कुछ सपने आपके जीवन में होने वाले बदलावों का संकेत देते हैं। हर कोई रात में सपने देखता है, और इनमें से कई सपने उन चीजों से संबंधित होते हैं जिनके बारे में आप दिन भर सोचते रहते हैं। हालाँकि, कुछ सपने ऐसे भी होते हैं जो आपको कुछ संकेत देते हैं। आज हम कुछ ऐसे सपनों के बारे में जानने जा रहे हैं जो शुभ फल देते हैं।



### सपने में चांद देखना

अगर आप सपने में चमकीला और साफ़ चाँद देखते हैं तो यह बहुत ही शुभ संकेत माना जाता है। इस सपने का मतलब है कि आपके घर में सुख, शांति और समृद्धि आएगी और आपकी सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। यदि आपके परिवार में कोई समस्या है तो वह भी दूर हो जाएगी। घर में ख़ुशी का माहौल है।



### अपने नाखून काटने का सपना देखना

यदि आप अपने नाखून काटने का सपना देखते हैं, तो यह एक सकारात्मक संकेत है। इस सपने का मतलब है कि आप जल्द ही अपने कर्ज से मुक्त हो जाएंगे। यह सपना आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाता है, सभी प्रकार की आर्थिक समस्याएं दूर करता है।

### खुद को आसमान में उड़ते हुए देखना

अगर आप खुद को आसमान में उड़ते हुए देखते हैं तो इसका मतलब है कि आप जल्द ही अपने जीवन में चल रही समस्याओं से मुक्त हो जाएंगे। तुम्हें सही रास्ता मिल जायेगा।

### सपने में बहती नदी देखना

यदि आप सपने में बहती नदी देखते हैं तो इसका मतलब है कि जल्द ही आपके जीवन में एक नई ऊर्जा प्रवेश करने वाली है। आपको कुछ अच्छी ख़बरें मिलेंगी। आपको कार्यस्थल पर पदोन्नति मिलने वाली है।



### सपने में बगीचा देखना

यह भी एक शुभ सपना है, क्योंकि आने वाले समय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है और यह सपना संकेत देता है कि आपके घर में समृद्धि आएगी।

# चीटियों को घर से भगाने के लिए बेस्ट है ये 5 रुपये की चीज

चीटियों को घर से भगाने के लिए कई तरह के घरेलू उपाय होते हैं, लेकिन सबसे असरदार और सस्ता तरीका है सिरका (विनेगर)। सिरका की महक चीटियों को पसंद नहीं आती, इसलिए ये उनके लिए बड़ा ही झुंझलाने वाला होता है। ये चीज आसानी से हर घर में मिल जाती है और इस्तेमाल करना भी बहुत आसान है। चलिए जानते हैं कैसे सिरके से आप चीटियों को घर से दूर रख सकते हैं।



सबसे पहले,सिरके को पानी में मिला लें। एक स्प्रे बोतल लें और उसमें आधा सिरका और आधा पानी डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को घर के उन हिस्सों पर स्प्रे करें जहां चींटियां ज्यादा आती हैं, जैसे कि किचन, दरवाजों के पास, खिड़कियों के किनारे, फर्नीचर के नीचे या जहां भी आपने चींटियों के निशान देखे हों। सिरका की तेज गंध चीटियों को परेशान करती है और वो उस इलाके को छोड़ कर चले जाती हैं।

सिरका के अलावा आप नींबू के रस को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। नींबू में एसिड होता है जो चीटियों को दूर भगाता है। नींबू के छिलकों को उन जगहों पर रखें जहां चीटियां आती हैं या नींबू का रस पानी में मिलाकर स्प्रे करें। ये तरीका भी बहुत कारगर माना जाता है। चींटियों को भगाने के लिए दालचीनी पाउडर या दालचीनी की छाल भी काम आती है। आप दालचीनी को चींटियों के रास्ते पर बिखेर दें।

# मेल हो या फीमेल

## गर्मी में ये पांच कलर कॉम्बिनेशन आपको बनाएंगे कूल

गर्मी का सीजन आते ही बस एक ही बात दिमाग में आती है- खुद को कैसे कूल रखा जाए. जब बात स्टाइल की हो, तो गर्मी में भी हर कोई चाहता है कि ड्रेसिंग सेंस न सिर्फ कंफर्टेबल हो, बल्कि सबको इंप्रेस भी करे. गर्मी में खुद को कूल और फ्रेश दिखाना कोई मुश्किल काम नहीं है. सही कलर कॉम्बिनेशन से आप न सिर्फ आरामदायक महसूस करेंगे, बल्कि ऑफिस में भी हर कोई आपको बार-बार पलटकर देखेगा. तो चलिए, जानते हैं 5 ऐसे ही बेहतरीन कलर कॉम्बिनेशन्स के बारे में, जो इस गर्मी में आपको देंगे कूल और स्टाइलिश लुक और आपके कलीग्स को देंगे फैशनेबल इंस्पिरेशन...

**1. व्हाइट और ब्लू**

गर्मियों का सबसे अच्छा और फ्रेश लुक पाना है तो व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन अपनाएं। व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस या ब्लू शर्ट और व्हाइट पैंट, दोनों ही लुक्स ऑफिस के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। यह कॉम्बिनेशन न सिर्फ गर्मी में आरामदायक है, बल्कि यह आपको कूल और फ्रेश भी बनाए रखता है। व्हाइट और ब्लू का कॉम्बिनेशन क्लासी और प्रोफेशनल तो लगता ही है, आपकी पर्सनालिटी को भी खूबसूरती से निखारता है।

**2. पेस्टल येलो और ग्रीन**

गर्मी में हर किसी को थोड़ा सा खुशमिजाज और फ्रेश लुक चाहिए होता है। पेस्टल येलो और ग्रीन का कलर कॉम्बिनेशन आपको एक नई एनर्जी और ताजगी का अहसास दिलाता है। पेस्टल येलो शर्ट के साथ ग्रीन पैंट या फिर ग्रीन टॉप के साथ पेस्टल येलो स्कर्ट या ट्राउजर, ये दोनों ही कॉम्बिनेशन शानदार होते हैं। यह न केवल आंखों को सुकून देते हैं, बल्कि ऑफिस में भी एक पॉजिटिव वाइब क्रिएट करते हैं।

**3. लाइट पिंक और व्हाइट**

अगर आप ऑफिस में कुछ सॉफ्ट और एलिगेंट लुक चाहते हैं, तो लाइट पिंक और व्हाइट एक बेहतरीन चॉइस हो सकती है। लाइट पिंक शर्ट या टॉप के साथ व्हाइट पैंट या स्कर्ट, यह कॉम्बिनेशन एक बहुत ही खूबसूरत और ग्रेसफुल लुक देता है। यह रंग आपको न सिर्फ कूल और रिफ्रेशिंग बनाते हैं, बल्कि ऑफिस में एक अट्रैक्टिव इमेज भी छोड़ते हैं।

**4. नेवी ब्लू और ग्रे**

नेवी ब्लू और ग्रे का कॉम्बिनेशन प्रोफेशनल और स्टाइलिश दोनों होता है। नेवी ब्लू टॉप के साथ ग्रे ट्राउजर या ग्रे ब्लेजर के साथ नवी ब्लू शर्ट, यह एक आइडियल कॉम्बिनेशन है। इस कलर कॉम्बिनेशन में आपको एक कूल और कंफर्टेबल लुक मिलता है, जो गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए एकदम फिट है। यह लुक कलीग्स को भी आपकी तरफ आकर्षित करेगा।

**5. ऑलिव ग्रीन और बेज**

ऑलिव ग्रीन और बेज का कॉम्बिनेशन एक शांत और स्टाइलिश लुक देता है। यह कॉम्बिनेशन उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जो न्यूट्रल और मिनिमल स्टाइल को पसंद करते हैं। ऑफिस में बेज ट्राउजर के साथ ऑलिव ग्रीन शर्ट या फिर बेज पैंट के साथ ऑलिव ग्रीन जैकेट, यह दोनों ही लुक गर्मियों के लिए आइडियल हैं। इस कॉम्बिनेशन से कंफर्म जोन भी मिलता है और प्रोफेशनल-कूल इमेज भी क्रिएट होता है।

# आंवला-शिकाकाई से बनाएं हेयर रिंस

बालों को साफ करने के लिए शैंपू का इस्तेमाल तो ज्यादातर लोग करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हेयर रिंस क्या होते हैं। हेयर रिंस एक ऐसा प्रोडक्ट होता है जो बालों गहराई से साफ करने के अलावा नमी देता है यानी कंडीशनर का काम भी करता है। ये हेयर प्रॉब्लम जैसे बालों का झड़ना, बीच से कमजोर होकर टूटना, जैसी समस्याओं को भी कम करने में हेल्पफुल होता है।



हेयर रिंस को अमूमन शैंपू करने के बाद इस्तेमाल किया जाता है। ये कंडीशनर की तरह ही होता है, लेकिन जहां कंडीशनर आपके बालों को सिर्फ शाइन देता है तो वहीं हेयर रिंस आपके बालों को स्वस्थ बनाए रखने का काम करता है और हेयर ग्रोथ को भी बेहतर करता है।मार्केट में वैसे तो कई तरह के हेयर रिंस मिल जाएंगे, लेकिन ये केमिकल युक्त होते हैं। घर पर नेचुरल चीजों से आप हेयर रिंस बना सकती हैं जो न सिर्फ बालों को गहराई से साफ करेगा बल्कि इससे आपके बाल घने-लंबे और शाइनी भी बनेंगे। पुराने समय से आंवला-शिकाकाई और रीठा का इस्तेमाल बालों को साफ करने के लिए किया जाता रहा है, इसलिए इस आर्टिकल में जानेंगे इन इनग्रेडिएंट्स से हेयर रिंस आप कैसे तैयार कर सकती हैं।

### हेयर रिंस बनाने के लिए इनग्रेडिएंट्स

आंवला बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता है तो वहीं शिकाकाई आपके बालों को काला बनाए रखने के साथ ही घना भी बनाती है. इसके अलावा इस हेयर रिंस में रीठा का इस्तेमाल होगा जो स्कैल्प और बालों की गहराई से सफाई करता है. रोजमेरी भी आपके बालों की ग्रोथ के लिए कमाल का इनग्रेडिएंट है. आप इन सारी चीजों का पाउडर ले लें या फिर आप साबुत भी ले सकते है।

# जिम जाने वाले युवाओं पर भारी पड़ सकती हैं कुछ गलतियां

आजकल के जिम फ्रीक यंगस्टर्स जबरदस्त स्टैमिना और ताकत बढ़ाने के लिए सप्लीमेंट्स का सहारा लेने लगते हैं। लेकिन आप रोज दाल-रोटी-सब्जी खाकर, योग करके भी फिट रह सकते हैं। रही बात सप्लीमेंट्स लेने की तो उनसे तो तौबा ही कर लेना चाहिए क्योंकि लेटेस्ट स्टडी ये बता रही है कि सप्लीमेंट्स यूथ की मेंटल हेल्थ खराब कर रहे हैं। दरअसल, जल्दी बॉडी बनाने और हैवी एक्सरसाइज करने के लिए यंगस्टर्स जो दवा लेते हैं, एम्स में हुई रिसर्च बताती है कि उन दवाइयों का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। इन दवाइयों को लेने वाले 58% युवा यूफोरिया के शिकार होते हैं यानी ज्यादा खुशी महसूस करने लगते हैं या ज्यादा एक्साइटेड रहने लगते हैं और 68% में साइकोटिक लक्षण नजर आने लगते हैं जो धीरे-धीरे नेगेटिविटी में बदलने लगते हैं। देश में पहले से ही 40 करोड़ से ज्यादा लोग नेगेटिव इमोशंस की गिरफ्त में हैं। सप्लीमेंट लेने से हार्ट तेजी से पंप करता है जिससे दिल की बीमारी के साथ हार्ट अटैक आ सकता है। ब्लड प्रेशर भी बढ़ जाता है जिससे कई बार ब्रेन हैमरेज हो जाता है यानी दिमाग की नसें तक फट जाती हैं। दिमाग के लिए दुश्मन तो बढ़ती गर्मी भी बन रही है क्योंकि आजकल के इस मौसम में धूल के कण सांसों में मिलकर शरीर में एंट्री करते हैं और खून में मिलकर उसे गाढ़ा कर देते हैं। कई बार डिहाइड्रेशन की वजह से भी ब्रेन फंक्शन डिस्टर्ब होता है क्योंकि दिमाग में 80% पानी होता है और ब्रेन को ठीक से काम करने के लिए शरीर की 20% ऑक्सीजन की जरूरत होती है और इसमें कमी आए तो ब्रेन स्ट्रोक तक की नौबत आ सकती है। लेकिन अगर योग-प्राणायाम करेंगे तो दिमाग की हर परेशानी से बच जाएंगे। हालांकि, उसके लिए जरूरी है कंसिस्टेंसी बनाए रखना। आज किया, कल छोड़ दिया, फिर परसों कर लिया, इससे काम नहीं चलेगा। हर रोज इंडिया टीवी लगाकर योग करना होगा।



# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।



### थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।

### ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

### गौर करने वाली बात

प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# गर्मी में जरूर बनाएं ठंडी-ठंडी मैंगो फिरनी

## ताजगी और मिठास का अनोखा स्वाद



गर्मी के मौसम में आम से बने ठंडे-ठंडे डिजर्ट का स्वाद लेना किसको पसंद नहीं होता।आम की मिठास और खुशबू दिल को ताजगी से भर देती है। ऐसे में मैंगो फिरनी एक ऐसा स्पेशल डिजर्ट है, जो पारंपरिक स्वाद में आम का ट्विस्ट जोड़कर हर किसी का दिल जीत लेता है। यह मलाईदार, ठंडी और खुशबूदार मिठाई सभी को को पसंद आती है। गर्मी के दिनों में किसी खास मौके पर या परिवार के साथ खास दिन को मीठा बनाने के लिए मैंगो फिरनी एक परफेक्ट ऑप्शन है। तो आइये जानते हैं गर्मी में बनने वाली यह खास मैंगो फिरनी आप कैसे बना सकते हैं।

### विधि

सबसे पहले बासमती चावल को 2-3 बार पानी से अच्छे से धो लें। फिर उसे प्लेट या सूती कपड़े पर फैला कर सूखने दें। जब चावल को सुख जाए तो उसे मिक्सी में दरदरा पीस लें, बिलकुल रवा (सूजी) जैसे।

अब आम को छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें और मिक्सी में ब्लेंड करके आम का पल्प बना लें। इसके बाद कुछ पिस्ता और सूखे गुलाब की पत्तियां को बारीक काट लें।

एक भारी तले वाली कड़ाही में दूध डालकर धीमी आंच पर गरम करें। बीच-बीच में चलाते रहें। दूध उबलने लगे तो उसमें पिसा हुआ चावल डालें और अच्छे से मिलाएं। फिर इसमें चीनी डालें और धीमी आंच पर पकाते रहें। बीच-बीच में चलाते रहें और किनारे लगे दूध को भी खुरचते रहें।

जब चावल अच्छे से पक जाएं और मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो गैस बंद कर दें। अब इसमें पिस्ता, इलायची पाउडर और गुलाब की पत्तियां डालें। ठंडा होने के बाद इसमें आम का पल्प डालें और अच्छे से मिलाएं।अगर बहुत गाढ़ा लगे तो थोड़ा गरम दूध मिला सकते हैं।

अब फिरनी को बाउल में डालें, ऊपर से पिस्ता या गुलाब की पत्तियों से सजाएं और 3-4 घंटे के लिए फ्रिज में ठंडा करें। फिर ठंडा-ठंडा सर्व करें और एन्जॉय करें।

### सामग्री

- बासमती चावल – 1/4 कप
- आम (कटे हुए या प्यूरी) – 1 बड़ा आम
- दूध – 3 कप
- चीनी – 4 बड़े चम्मच या स्वादानुसार
- इलायची पाउडर – 1/2 चम्मच
- पिस्ता या बादाम (कटे हुए) – 2 चम्मच
- गुलाब की पंखुड़ियां (सूखी हुई या गुलाब जल) – 1/2 चम्मच
- सजाने के लिए – कटे हुए पिस्ता या बादाम की स्लाइस

# बच्चे की गंदी हैंडराइटिंग को सुधारने के लिए अपनाएं ये तरीके, लिखावट हो जाएगी सुंदर



हैंडराइटिंग पढ़ाई का दूसरा स्टेप है। बच्चे जब लिखना सीखते हैं तो उन्हें अच्छे और सुंदर तरीके से लिखने के लिए मोटिवेट किया जाता है। लेकिन कुछ बच्चों की हैंडराइटिंग इतनी खराब होती है कि ना केवल एकेडमिक मार्क्स कम हो जाते हैं बल्कि कई बार पैरेंट्स को उनकी लिखावट की वजह से शर्मिंदगी भी उठानी पड़ जाती है। गर्मियों की छुट्टियों का सही इस्तेमाल करना चाहती हैं तो बच्चे की हैंडराइटिंग को इन तरीकों से सुधार लें।

### सही पोजीशन में बैठाएं

बच्चे की हैंडराइटिंग को सुधारने के लिए ही पैंसिल या पेन के साथ कुर्सी-टेबल पर बैठाने की आदत लगाएं। गलत पोजीशन और गलत जगह बैठकर लिखने से बच्चे हाथों पर गैर जरूरी प्रेशर पड़ता है। जिससे हैंडराइटिंग भी सही नहीं बन पाती है।

### बच्चों को पेंसिल और कागज दें

बच्चो को पेंसिल और कागज दें। इस पर उन्हें खुद से ढेर सारी आकृति-गोला या कुछ भी जो बना रहें करने की आजादी दे। ऐसा करने से बच्चों के पेन-पेंसिल पकड़ने की ग्रिप अच्छी होती है। सही तरीके से पेंसिल पकड़ाना सिखाएं और कोई भी आकार बना दें।

### कागज पर ढेर सारे सर्किल बनवाएं

कैलियोग्राफी एक्सपर्ट बताते हैं कि हैंडराइटिंग सुधारने के लिए कागज पर रेक्टेंगल शेप का बड़ा सा बॉक्स बना दें। इसे बीच से ऐसे डिवाइड करें कि ट्राएंगल शेप दिखे।

अब इन दो लाइनों के बीच में बच्चे को ढेर सारे गोले एक साथ बनाने के लिए कहें। ये एक मस्ती वाला काम है। जिसे थोड़ा ध्यान से करवाने पर बच्चे की हैंडराइटिंग में सुधार आता है।

### खेल-खेल में लिखवाएं

बच्चा छोटा है तो उसे पहले बड़े सरफेस पर लिखने के लिए दें। बड़े बोर्ड, सैंड ट्रे, ट्वॉय या दीवारों पर बड़े आकार के ब्लैकबोर्ड स्टिक करवाएं। जिस पर बच्चा पहले बड़े छोटे अक्षर खुद से लिखना सीखें। इससे बच्चो की हैंडराइटिंग में सुधार करना आसान हो जाता है।

### बच्चों को मेज गेम खेलने के लिए दें

बच्चों को वो पुराने समय वाले भूलभुलैया वाले गेम खेलने के लिए दें। इससे बच्चों की पेंसिल पकड़ने की आदत अच्छी होती है। साथ ही बच्चों का कंट्रोल हाथ और आंखों दोनों पर होता है। बच्चे अच्छी तरह से फोकस कर पाते हैं।

## संक्षिप्त-खबर

### सोनमणी बोरा ने किया आबंटित भूमि का निरीक्षण



**कोरबा।** प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने आज पोंड़ीउपरोड़ा विकासखंड में नवीन एकलव्य आवासी विद्यालय हेतु आबंटित भूमि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप सचिव बी.के.राजपूत एवं तहसीलदार भी उपस्थित थे।

### मंदिर में जयमाला पहनाकर शादी का झांसा दिया फिर मुकर गया, अब 10 साल रहेगा जेल में

**कोरबा।** फास्ट ट्रैक कोर्ट,कोरबा के अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि घटना सिविल लाइन रामपुर क्षेत्र की है जब पीड़िता ने दिनाँक 1.10.2024 को घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक के पास की थी। उसने बताया था कि आरोपी कमल किशोर राठौर उसे अकेला पाकर वर्ष 2016 में जबरदस्ती घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार किया था। पीड़िता के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने की बात पर शिकायत करने से मना करते हुए, तुम अकेली रहती हो मैं तुमसे शादी करूँगा कहा। बाद में मंदिर ले जाकर जयमाला पहना दिया, और कटघोरा तहसील से विवाह का एक शपथ पत्र भी बनवाया। उसके बाद लगातार आरोपी पीड़ित के घर आकर उसके साथ सम्बन्ध बनाता रहा, लेकिन शादी नहीं किया। वह घर ले चलने की बात करती रही लेकिन लेकर नहीं गया। इस दौरान पीड़िता के उरगा स्थित मकान में अपने पिता नाम नामिनी के रूप में दर्ज करा कर आरोपी ने पीड़िता के साथ शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से फरियाद की तब आरोपी कमल किशोर राठौर के विरुद्ध धारा 376(2)द का प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। फास्ट ट्रैक कोर्ट के अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने ठोस साक्ष्य, सबूत पेश कर अपनी दलील पेश की। अपर सत्र न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा द्वारा पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए, आरोपी कमल किशोर राठौर निवासी रिसदी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रुपये के जुर्माना से दण्डित किया गया है। जुर्माना की राशि न देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### वेल्डिंग के दौरान ट्रेलर के डीजल टैंक में धमाका, कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसा

**कोरबा।** कोरबा जिले के सीएसईबी चैकी क्षेत्र के टीपी नगर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां वेल्डिंग के दौरान एक ट्रेलर वाहन के डीजल टैंक में जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद वाहन में भीषण आग लग गई। इस घटना में वेल्डिंग कर रहा कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे का भयावह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें घायल कर्मचारी आग की लपटों से घिरा जान बचाकर भागता दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, काशी नगर निवासी दिनेश कुमार बरेठ (31 वर्ष) आरकेटीसी कंपनी में वेल्डर का काम करता है। शुक्रवार को वह एक ट्रेलर वाहन के डीजल टैंक की वेल्डिंग कर रहा था, जिसमें संभवत: थोड़ा डीजल बचा हुआ था।

# श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

## 2024 में फसलों की सुरक्षा के लिए लॉन्च किए गए प्रोडक्ट्स एवं अन्य सीड प्रोडक्ट्स की सफलता पर डाली रोशनी




**महासमुंद।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्युट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में फसलों की सुरक्षा के लिए पेश किए प्रोडक्ट्स एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट रायपुर, छत्तीसगढ़ में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए। इतना ही नहीं, 100 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं व्यूअर्स ने लाईव टेलीकास्ट के ज़रिए ऑनलाईन इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां श्रीराम सुपर पैडी सीड स्कीम के लिए भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन भी किया गया था।

भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिक्विड फर्टीलाइज़र लेकर आई है– 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'। ये दोनों प्रोडक्ट एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी के ज़रिए बायोएक्टिव टाइटेनियम (भारत में पहली बार) के साथ विकसित किए गए हैं। टाइटेनियम पौधे को पर्यावरणी तनाव झेलने की ताकत देता है, यह पोषक तत्वों (न्यूट्रिएन्ट) के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाकर किसानों को बेहतर रिटर्न देता है। 'श्रीराम पिकासोल' फल के रंग को गहरा और एक समान बनाने में मदद करता है, वहीं 'श्रीराम मैगनिका' फल के आकार को एक समान बनाकर इसकी शेल्फलाईफबढ़ाता है। ये दोनों ही मुद्दे निर्यात एवं प्रीमियम मार्केट्स के लिए बहुत अधिक मायने रखते हैं।

कंपनी को पिछले साल बाज़ार में उतारे गए अपने आधुनिक कीटनाशकों श्रीराम क्रोन एवं श्रीराम ट्रेक्स्टर के लॉन्च के बाद हज़ारों किसानों एवं चैनल पार्टनर्स से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। चैनल पार्टनर्स 'श्रीराम सायशो' के प्री- कमर्शियलाइज़ेशन ट्रायल्स को लेकर भी बेहद उत्सुक दिखाई दिए, जो जापान में विकसित एक पेटेंटेड कीटनाशक है।

अपने वीड मैनेजमेन्ट एवं इन्सेक्टिसाईड (खर पतवार प्रबन्धन एवं कीटनाशक) पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के प्रयास में कंपनी ने 'श्रीराम एकरिटेर' के लॉन्च की घोषणा की है, यह चुनिदां शाकनाशी मक्के एवं गन्ने की फसल में खरपतवार को नियन्त्रित रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा 'श्रीराम टोग्यो' मोथा (सायप्रस रोटंडस) के प्रभावी प्रबन्धन के लिए विकसित किया गया विशेष समाधान है, गौरतलब है कि मोथा ऐसा खरपतवार है जिसे नियंत्रित करना बेहद मुश्किल होता है। साथ ही फसल सुरक्षा प्रोडक्ट्स के पोर्टफोलियो को विस्तारित करते हुए कंपनी प्री–मिक्स इन्सेक्टिसाईड 'श्रीराम कीबुश' भी लेकर आई है।

यह लॉन्च सस्टेनेबिलिटी (स्थायित्व) को बनाए रखते हुए भारतीय किसानों की उत्पादकता एवं मुनाफ़ा बढ़ाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कंपनी ने हाल ही में धान एवं मक्का की फसलों के लिए लॉन्च किए गए हाइब्रिड सीड्स के साथ किसानों की सफलता को भी साझा किया। कंपनी ने धान के लिए श्रीराम 734 एवं श्रीराम 754 गोल्ड तथा मक्के के लिए श्रीराम 9701 एवं श्रीराम 9698 का लॉन्च किया था। इसी तरह सब्ज़ियों की बात करें तो कंपनी ने किसानों को लाभान्वित करने के लिए हाई वायरस टॉलरेन्ट वैरायटी श्रीराम हिना टमेटो और श्रीराम 2112 भिंडी का लॉन्च भी किया था।

इस अवसर पर श्री संजय छाबड़ा, एक्ज़िक्युटिव डायरेक्टर एवं बिज़नेस हैड ने कहा, ''श्रीराम फार्म सोल्युशन्स नए दौर के इन प्रोडक्ट्स के साथ कृषि इनोवेशन्स की सभी सीमाओं को पार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कंपनी ऐसे वैज्ञानिक समाधानों के ज़रिए किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्थायी कृषि प्रथाओं के साथ उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा कर सकें।'

# ट्रेन से ड्रग्स की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार



**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस द्वारा विगत तीन दिनों में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत तीन अलग–अलग प्रकरणों में कुल 06 आरोपियों को एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के निवासी शामिल हैं। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 15 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया है। साथ ही दिल्ली के प्रमुख ड्रग्स सप्लायर्स को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। यह संयुक्त कार्रवाई थाना सिविल लाइन, थाना रतनपुर एवं एसीसीयू टीम द्वारा समन्वित रूप से की गई।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि दिल्ली से उत्कल एक्सप्रेस के माध्यम से एक व्यक्ति बिलासपुर की ओर एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। उसलापुर स्टेशन के पास ट्रेन के रुकते ही संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया, जिसकी पहचान हरियाणा निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पार्सल मिला जिसमें एमडीएमए ड्रग्स था। पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि यह पार्सल उसे दिल्ली निवासी शुभम ने दिया था। थाना सिविल लाइन द्वारा उक्त ड्रग्स को विधिवत जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शुभम की गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही थी। सूचना प्राप्त होने पर कि शुभम वाराणसी होते हुए बिलासपुर आ रहा है, पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया। रतनपुर के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर शुभम को एक कार में तीन अन्य साथियों (सुमित, रितेश, राजू) के साथ गिरफ्तार किया गया। कार की तलाशी में भी एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुआ। थाना रतनपुर में इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक अन्य विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से एक व्यक्ति एमडीएमए ड्रग्स लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ाई गई और संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसकी पहचान विवेक कुमार, निवासी जिला करौली (राजस्थान) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 3 ग्राम एमडीएमए जब्त किया गया। थाना सिविल लाइन में इस मामले में भी अपराध पंजीबद्ध कर ड्रग्स को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस नेटवर्क के अन्य पहलुओं की जानकारी प्राप्त की जा सके। मामले में पुलिस ने प्रदीप कुमार, पिता राजेन्द्र सिंह, निवासी ङ्क सोनीपत, हरियाणा, शुभम दत्त, पिता संजय दत्त, निवासी दिल्ली,सुमित कुमार, पिता राजेन्द्र कुमार, निवासी दिल्ली,रितेश शर्मा, पिता बाबूलाल शर्मा, निवासी जयराम नगर, मस्तूरी (छत्तीसगढ़),राजू सिंह, पिता रंजीत सिंह, निवासी इंदु इमेजिका कॉलोनी, चकरभाठा (छत्तीसगढ़) तथा विवेक कुमार, पिता सुरेश कुमार, निवासी जिला करौली, राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

**ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का खुलासा:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दिल्ली से ट्रेनों के माध्यम से एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थों की आपूर्ति की जा रही थी, जिसे भारत के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा ड्रग्स की तस्करी के लिए रेलवे पार्सल सेवा एवं व्यक्तिगत माध्यम का इस्तेमाल किया जा रहा था। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है।

# कृषि विभाग सहित लाइन डिपार्टमेंट की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

### कलेक्टर ने खरीफसीजन की तैयारी के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

### खाद-बीज का भंडारण कर समय पर किसानों को वितरण के दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग सहित संबंधित लाइन डिपार्टमेंट्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने खरीफसीजन 2025 की तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों में शिविर दिवस से पहले खाद एवं बीज का भंडारण कर किसानों को समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी समितियों से 40 प्रतिशत अग्रिम उठाव की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि 10 वर्षों के भीतर के जीबी किस्मों को बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु उपयुक्त किसानों का चयन प्राथमिकता के आधार पर हो। धान के स्थान पर ऊंचे भूभाग में दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नए किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर सभी पात्र किसानों को इसका लाभ दिया जाए तथा धान के अलावा अन्य फसलों के लिए भी ऋण स्वीकृत किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पिछले वर्ष वंचित हुए किसानों को फिर से बीमा कवरेज में शामिल किया जाए। पीएम किसान योजना के तहत लंबित ई–केवाईसी, लैंड सीडिंग, भौतिक सत्यापन, वन अधिकार व पीवीटीजी से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन से संबंधित आवेदनों का निराकरण भी समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कृषि आदान गुणवत्ता नियंत्रण के अंतर्गत लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने को कहा।

### नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चो ने बोर्ड परीक्षा में किये उत्कृष्ठ अंक प्राप्त

**कोरबा।** सत्र 2024–25 में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में कोरबा–चांपा मार्ग में संचालित ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चो ने आसपास के पूरे क्षेत्र में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिजनो एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 12वीं से छात्रा कु. मोही सुल्तानिया ने 95.8 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र प्रियांश कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्र आर्यन महोबिया ने 89.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में नया किर्तीमान रचते हुये क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। वही कक्षा 10वीं से छात्रा कु. हिमांशी कंवर ने 81.6 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, छात्र राहुल निर्मलकर ने 81.2 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान एवं छात्रा रागिनी कंवर ने 80.8 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रौशन किया है।

# बकरा–भात के बहाने जुआ फड़ का आयोजन,12 जुआरी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले की थाना सिविल लाईन रामपुर पुलिस, सायबर सेल कोरबा, थाना उरगा के संयुक्त टीम के द्वारा जुआ के फड़ पर कार्यवाही करते हुए मौके से 12 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके पास से लगभग 1,57,000 रुपए व 10 दो पहिया वाहन, एक कार, मोबाईल, तास पत्ती, एलईडी लाईट, बिजली वायर, दरी को जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.05.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि मन्नू उर्फअमित ग्राम गोढ़ी का रहने वाला है। मन्नू ग्राम गोढ़ी के आसपास के गांवों से जुआड़ियों को बुलाकर बकरा भात का आयोजन कर रात्रि में जुआ खेलवाने का काम करता था। इसकी सूचना श्रीमान पुलिस अधीक्षक को मिलने पर गंभीरता से लेते हुए श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नीतिश ठाकुर, यातायात एवं सायबर सेल प्रभारी रविंद्र कुमार मीना, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, के मार्गदर्शन में पुलिस की संयुक्त टीम बनाया गया जिसमें निरीक्षक प्रमोद डनसेना सिविल लाईन कोरबा, उरगा प्रभारी उनि राजेश तिवारी व सायबर सेल अजय सोनवानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाकर मुखबीर सूचना पर बताए गए पता ग्राम गोढ़ी रवाना किया गया। टीम के सदस्यों के द्वारा रकततराई ग्राम गोढ़ी मन्नू उर्फ अमित के बाड़ी में घेराबंदी कर जुआ खेलने वाले जुआडियों को दबोचा गया। जहां उपरोक्त जुआड़ियों से कुल जुमला रकम नगदी रकम 1,57,000 रु, एक दरी जामनी कलर, सिरका कंपनी का एलईडी लाईट एवं बिजली वायर, 10 दो पहिया वाहन, एक कार को जब्त किया गया। आरोपिया के खिलाफ धारा 3 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में पुलिस ने 1. गौतम सिंह कंवर पिता श्री मद्राज सिंह उम्र 31 साल पता कुकरीचोली उरगा ,02. बसंत भण्डारी पिता स्व. श्री झंगलाराम भण्डारी उम्र 28 साल पता खडियापारा ग्राम गोढी,03. देवेन्द्र कुमार पिता स्व0 श्री मंगल सिंह उम्र 32 साल पता ग्राम अंजोरीपाली भैसमा 04. राजकुमार बरेठ पिता स्व0 छेदुलाल बरेठ उम्र 37 साल पता अंजोरीपाली भैसमा उरगा,05. दिनेश कुमार टण्डन पिता श्री छतराम टण्डन उम्र 40 साल पता कर्रानारा भैसमा उरगा,06. हरविन्द सिंह पिता श्री गोपाल सिंह उम्र 27 साल पता बस्ती पारा भैसमा,07. मनेस कुमार पिता उदेराम सतनामी उम्र 34 साल पता अंबेडकर नगर बेदरकोना आदि। ,08. अमीत कुमार पिता मनोज कुमार गांगुली उम्र 28 साल पता बाजारचौक गोढी,09. रामकुमार केवट पिता परदेसी राम केंवट उम्र 32 साल पता बाजार चौक भैसमा,10. मधुसुदन प्रसाद जायसवाल पिता श्री संतोष जायसवाल उम्र 35 साल पता

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 168396/निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2025-26 दि. 15.05.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.06.2025, 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- किरना वितरक नहर की मोहदा माईनर के आर.डी. 0.00 से 1530 मी. तक मिट्टी कार्य, 11 नग पक्की संरचनाओं सहित 10 नग डारेक्ट आऊटलेट का निर्माण कार्य.

अनुमानित लागत :- रु. 132.76 लाख

(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.05.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है.

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा
कृते अधीक्षण अभियंता महानदी मण्डल
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252600919/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 15.05.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.06.2025 तक है.

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 38 Tender No. 168456 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं वार्षिक मरम्मत का कार्य. | रु. 25.00 लाख |
| NIT NO. 39 Tender No. 168457 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम. ओ.डब्ल्यू. का कार्य. | रु. 100.00 लाख |
| NIT NO. 40 Tender No. 168458 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत का कार्य. | रु. 70.00 लाख |
| NIT NO. 41 Tender No. 168459 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत तहसील कार्यालय भवन पलारी, विकासखंड पलारी में सीमेंट कांक्रीट पहुंच मार्ग लं. 165 मीटर का निर्माण कार्य. | रु. 21.21 लाख |
| NIT NO. 42 Tender No. 168460 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल खिलौरा, विकासखंड सिमगा भवन निर्माण कार्य. | रु. 67.53 लाख |
| NIT NO. 43 Tender No. 168461 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मार्ग एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत का कार्य. | रु. 60.00 लाख |
| NIT NO. 44 Tender No. 168462 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य. | रु.13.00 लाख |
| NIT NO. 45 Tender No. 168463 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम.ओ. डब्ल्यू. का कार्य. | रु. 60.00 लाख |
| NIT NO. 46 Tender No. 168464 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य. | रु. 12.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है. (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें.)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ईमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें.

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल
क्र. 2 (छ.ग.)

G-252600931/3

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025



## डिप्टी सीएम अरुण साव आज समाधान शिविर में होंगे शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव 19 मई को मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के बिजराकछार में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे। वे 19 मई को सवेरे दस बजे रायपुर से सड़क मार्ग से बिजराकछार के लिए रवाना होंगे। श्री साव दोपहर साढ़े 12 बजे बिजराकछार पहुंचकर समाधान शिविर में शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणाओं पर मुलेर में शुरू हुआ अमल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अति संवेदनशील और सुदूर ग्राम मुलेर में की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतरने लगी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण और डोम शेड निर्माण के लिए कुल 21.54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम मुलेर का औचक दौरा कर विकास शिविर का निरीक्षण किया था। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने मौके पर स्वास्थ्य, सड़क और सामुदायिक सुविधा से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल स्वीकृति दी और प्रशासन को निर्देशित किया कि कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की इस त्वरित और जनहितैषी पहल से न केवल ग्राम मुलेर में बुनियादी सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि शासन की जनकल्याण के प्रति संवेदनशीलता भी देखने को मिली है। पहल शासन और आम जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

# प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने पीएम जनमन आवासों का किया निरीक्षण, आवश्यक सुधार कार्यों के दिए निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने अपने सरगुजा प्रवास के दौरान विकासखण्ड अम्बिकापुर के ग्राम पंचायत खाला के कोरवा पारा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राही वितुल राम/ध्रुवा, शनिलाल/धुनधो तथा जलनी/धुनधो के आवासों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कुछ आवासों में किचन प्लेटफार्म एवं विंडो (खिड़की) का निर्माण पर गंभीरता दिखाते हुए इन सुविधाओं को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री बोरा ने सीईओ और तहसीलदार को निर्देशित किया कि शीघ्रता से किचन प्लेटफार्म और खिड़की निर्माण का कार्य पूरा किया जाए ताकि हितग्राहियों को आवास की पूर्ण सुविधा प्राप्त हो सके। इस निरीक्षण के दौरान श्री बोरा ने ग्रामवासियों से भी संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को सुना। प्रमुख सचिव ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचेगा। ग्रामवासियों ने शासन और प्रशासन की इस सक्रियता के लिए आभार जताया।

# पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज, रायपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रायपुर के पुलिस अधिकारियों की ली गई समीक्षा बैठक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 18.05.25 को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा द्वारा सिविल लाईन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक मे उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहें।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा छ.ग. शासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन तिहार के समीक्षा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नवीन आपराधिक कानून के पालन, यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं जनउन्मुखी कार्यो के संबंध में दिये गये निर्देशों से अवगत करया गया। इसके साथ ही एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पुराने अपराधों का निकाल प्राथमिकता के आधार पर करते हुये जल्द से जल्द प्रकरणों का चालान पेश कर जीरो करने कहा गया एवं नवीन अपराधिक कानून के तहत विवेचना कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु नवीन अपराधिक कानून के तहत चालान को 60 दिवस/90 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के प्रावधान को अनिवार्य रूप से लागू- करने हेतु कहा गया। सभी ग्राम पंचायतों/ग्रामों में ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस मित्र बनाने के निर्देश दिये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आगामी दिनों में रायपुर शहर के यातायात व्यवस्था में सुधार लाने हेतु जल्द ही नए उपाय अपनाने के संबंध मे जानकारी दिए। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले, अवैध पार्किंग, बिना हेलमेट एवं अवैध पार्किंग के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये तथा मालवाहक वाहनों की लगातार मीटिंग लेने एवं जिन थाना क्षेत्रों अब तक मीटिंग नही ली गई है वहां जल्द से जल्द मीटिंग लेने के निर्देश दिये गये।

अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं तस्करी तथा नशे के पदार्थो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने तथा किसी भी सूरत में किसी प्रकार का कोई भी नशे का सामान नहीं बिकने के सख्त निर्देश देते हुए नारकोटिक एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# अशोका रत्न में श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान विराजमान, वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर के मध्य स्थित अशोका रत्न कॉलोनी में आज त्रिदिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव सौल्लास संपन्न हो गया।

आज सुबह मे आज प्रात: 6 बजे मन्दिर जी मे नवीन मूल वेदिका मे विराजित मूल नायक 1008 श्री शान्तिनाथ भगवान, श्री नेमिनाथ भगवान व श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा बीजाक्षरों से आर्यिका श्रेष्ठ 105 अंतर्मती माताजी के मुखारविन्द से संपन्न हुई। शांतिधारा के चयनित मुख्य पात्रों के साथ उपस्थित सभी श्रावकगणों ने शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया।









पंडाल स्थित समोशरण मे भगवान आदिनाथ का अभिषेक व शांतिधारा के पश्चात देव शास्त्र गुरु के पूजन के पश्चात विशेष पूजन व संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की पूजा संपन्न हुई। हवन अनुष्ठान के पश्चात विमान में भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली गई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई मंदिर की में संपन्न हुई।

इस अवसर पर विराजमान 105 आर्यिका अंतर्मती माता जी का उपस्थित जनों को धर्म का सम्बोधन भी प्राप्त हुआ। माताजी के सानिध्य एवं ब्रम्हचारी श्री अरुण भैया जी, श्री सुनील भैया जी, श्री अंकित भैया जी श्री अनुज भैया जी का भी उनके सानिध्य व मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया गया।

आभार के श्रृँखला मे अशोका रत्न के डायरेक्टर द्वय श्री राजीव अग्रवाल एवं श्री छगन मुंदडा का राजनांदगाव परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

स्थानीय समाज से गुरु भक्त श्री विनोद जैन बड़जात्या को सामाजिक सहयोग मे अग्रणी रहने के लिए 'दान शिरोमणी भामाशाह' की उपाधि से अलंकृत किया गया।

मंदिर निर्माण मे अग्रणी रहने वाले श्री मनीष जैन जी का भी विशेष सम्मान किया गया। वेदी प्रतिष्ठा एवं मंदिर के निर्माण मे तन मन धन से पूर्ण रूप से अग्रणी रहने वाले राजनांदगाव परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री प्रमोद कुमार जैन (पप्पु भैया) का सम्मान स्थानीय सभी मंदिर के अध्यक्ष गणों सकल जैन समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया।

मंदिर जी को महिमायुक्त बनाने हेतु छत्र, चंवर, भामण्डल, घंटा, शिखर के कलश व ध्वज दंड तथा ध्वज का भी चयनित पुण्यशाली परिवारों ने अर्पित कर लाभ लिया।

प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण विधि मे समाज के पुरुष, महिला, बच्चों ने बढ़चढ़ कर स्वर्ण, रजत व राशि भेंटकर सहयोग के द्वारा पुण्यार्जन किया।

अशोका रत्न के जैन परिवारों की ओर से श्री संजय जैन श्री अमित जैन श्री संदीप जैन श्री अविनाश जैन आदि ने समस्त समाज जनों एवं में सहयोग करने वाले महानुभावों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सभी से निवेदन किया की वे अधिक से अधिक संख्या मे प्रतिदिन मन्दिरजी मे पूजा पाठ का लाभ लेकर पुण्यार्जन कर अपने मानव जीवन को सफल बनायें। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश जैन रज्जन द्वारा किया गया।

# कैट ने केंद्रीय जीएसटी विभाग के द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में सहभागिता दी : कैट





**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट ने केंद्रीय जीएसटी विभाग के द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में सहभागिता दी!

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त ने कहा कि इस साइकिल मैराथन का उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस, जीएसटी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ती है, बल्कि सामाजिक एकजुटता भी सुदृढ़ होती है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानन्द जैन ने बताया कि केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) रायपुर द्वारा आज फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से एक भव्य साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ श्री पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त, सीजीएसटी रायपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। श्री परमानन्द जैन ने साइकिल मैराथन में कैट को आमंत्रित करने के लिए विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सेंट्रल जीएसटी विभाग द्वारा इस तरह के आयोजन से आम नागरिकों एवं व्यवसायियों में विभाग के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक श्री एम राजीव ने किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर, कैट एवं युवा कैट सहित, श्री पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त, श्री सुधाकर पांडेय, एडिशनल कमिश्नर; श्री मिर्जा शाहिद बेग, श्री एल एन त्रिपाठी, श्री के के बरिहा सभी सहायक आयुक्त, श्री सतीश दुबे, प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, श्री विक्रांत राठौर के अलावा उद्योग व्यापार जगत के प्रतिनिधि, कर सलाहकार संगठनों के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# AJIO और Myntra द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम

### अन्य कंपनियों को भी 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत का पालन करना चाहिए- अमर पारवानी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि AJIO और Myntra द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम- अन्य कंपनियों को भी 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत का पालन करना चाहिए।

रिलायंस के AJIO और फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले Myntra द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकने का निर्णय अत्यंत सराहनीय और देशहित में लिया गया एक मजबूत कदम है, यह कहना हैं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी का

श्री पारवानी ने कहा कि ऐसे समय में जब तुर्की खुलकर पाकिस्तान और भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन कर रहा है, तब भारतीय कंपनियों द्वारा उसके आर्थिक हितों को झटका देना देशभक्ति और व्यापारिक विवेक का सटीक उदाहरण है। AJIO और Myntra का यह कदम Nation First भावना को सच्चे अर्थों में दर्शाता है।

श्री पारवानी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि देश की सभी ई-कॉमर्स, रिटेल और स्वरूष्टत्र कंपनियां भी इसी भावना के साथ आगे आएं और तुर्की, अज़रबैजान, पाकिस्तान जैसे राष्ट्र विरोधी देशों के ब्रांड्स या उत्पादों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला से हटाएं।

व्यापार केवल मुनाफे का खेल नहीं है, यह राष्ट्र की अखंडता और सम्मान से भी जुड़ा होता है।

# नाटक में काम करना गंगास्नान जैसे : मनोज जोशी

### कलाकारों के साथ 'कचरा सेठ' ने साझा किए रंगमंच व फिल्मों के अनुभव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नाटकों में हूं इसलिए फिल्मों में भी हूं, ऐसा कहना गलत है। बल्कि मेरे लिए तो नाटकों में काम करना गंगास्नान की तरह है। रंगमंच मेरे लिए प्राण वायु है। सुप्रसिद्ध नाट्य व फिल्म अभिनेता मनोज जोशी ने इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में रंगसाधकों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता योगेश अग्रवाल, रंजन मोडक ने जोशी का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर जोशी ने कहा कि रंगमंच का कलाकार फिल्मों में अंतिम क्षण तक सीन को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है। डबिंग करते समय भी अपनी आवाज के माध्यम से वो सीन को इंप्रोवाइज करता है क्योंकि उस सीन को वो डबिंग के समय महसूस करता है।

गत 36 वर्षों में 'चाणक्य' नाटक को 1724 बार मंचित कर चुके मनोज जोशी ने मौलिकता को लेकर पूछ गए सवाल पर कहा कि पहले हम अंग्रेजी फिल्मों की कॉपी करते थे। फिर साउथ की फिल्मों की नकल करने लगे और अब दुकान एक, दुकान दो, दुकान तीन का चलन है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में चाहे कॉमेडी वाली भूमिका हो या संवेदनशील, वो पूरे तन- मन से, मस्तिष्क से करते हैं। जैसा निर्देशक चाहते हैं वे अपनी भूमिका को वैसे ही निभाते हैं। पसंद का च्वाइस उनके पास नहीं है। वैसे भी वे स्टार सन तो हैं नहीं।

पहले फिल्मों और अब फिल्मों के साथ ओटीटी के कारण रंगमंच के समक्ष चुनौती पर जोशी कहते हैं कि वो कभी भी नकरात्मक नहीं रहे। उनका मानना है कि नाटकों के लिए दर्शकों को जुटाने के लिए नए सिरे से प्रयास करने की जरूरत होगी। हमें अच्छी कहानी के साथ सातत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। कभी भी शुरुआत दो- चार से होती है, जो धीरे-धीरे लोग बढ़ते जाते हैं। बढ़िया निर्देशक के साथ अच्छे नाटक में काम करने के परिणाम मिलेंगे। इसके लिए चाहे तो अच्छे निर्देशक महाराष्ट्र या कहीं और से भी बुलवा सकते हैं। वैसे भी दर्शक आतुर होता है, उसे बस आकर्षित करने की जरूरत है।

एक सवाल के जवाब में मनोज जोशी ने कहा कि पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बॉलीवुड के दिग्गज सितारों के मौन से क्या फर्क पड़ता है। जब पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है, अपनी सेना के साथ है। हमारा अपनी तीनों थल, जल, वायु सेना को नमन है। उन्होंने हमारा गौरव बढ़ाया है और बताया है कि कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। घर में घुसकर मारेंगे। जोशी ने चाणक्य नाटक के माध्यम से देश के इतिहास को बेहद गरिमामय तरीके से बताया। उन्होंने चाणक्य की कौटिल्य नीति पर चर्चा की और कहा कि चाणक्य की नीति भी यही कहती है कि सीमाओं को मजबूत कर हम देश को सुरक्षित कर सकते हैं। साल 2014 से पहले कब देश की सेना के लिए इतने हथियार खरीदे गए थे। सेना पर कब इतना ध्यान दिया गया था।

**गर्व है अपने धर्म पर :** जोशी ने कहा कि समय के साथ फिल्मों को लेकर दर्शकों की अभिरुचि भी बदल रही है। अब कश्मीर फाइल, ताशकंद फाइल, आटिर्कल 370, केरल स्टोरी जैसी फिल्में बन रहीं हैं और देखी भी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि धर्म का आशय धारण करना है। धर्म हमें समाज से पकड़कर रखता है, अपने मूल से जोड़कर रखता है। हम तो ऐसे धर्म को मानते हैं, जहां विश्व के कल्याण की बात कही जाती है। यह सौभाग्य है कि हम इस धर्म है, जहां संकट पर, विपत्ति पर, ग्रुपिज्म पर हम विचलति नहीं होते।

# मैट्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान छात्रों ने किया सारडा इंडस्ट्रीज का औद्योगिक भ्रमण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के स्कूल ऑफ़ साइंस ने एम.एस.सी. रसायन शास्त्र और बी.एस.सी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार, 15 मई को सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड सिलतरा में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) के.पी. यादव और विज्ञान संकाय के प्रोफेसर एंड हेड डॉ. आशीष सराफ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (एसईएमएल) को स्टील (स्पंज आयरन, बिलेट्स, फेरो अलॉयज, माइनिंग, पावर, पेलेट्स, आयरन ओर, वायर रॉड मिल, इको ब्रिक्स) के सबसे कम लागत वाले निर्माताओं में शामिल रहा है और यह भारत में फेरो अलॉयज के सबसे बड़े निर्माताओं और निर्यातकों में से एक है। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य कोयला आधारित भाप बिजली संयंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानना और इस्पात उद्योग के संचालन में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करना था।





सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के एजीएम-एचआर सुरेंद्र कुमार लांजेवार के दिशा निर्देशन में मैनेजर (सीएजी) परमानंद सेन, ओपी अग्रवाल और एचआर टीम से राकेश वर्मा सहित प्रशिक्षण टीम ने औद्योगिक भ्रमण का नेतृत्व किया। सारडा इंडस्ट्रीज में औद्योगिक यात्रा छात्रों को सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी और संयंत्र दौरे के दौरान पहने जाने वाले हेलमेट के वितरण के साथ शुरू हुई।

सिनर्जी इज एनर्जी के ध्येय वाक्य के साथ टेक्निकल और एचआर टीम द्वारा राष्ट्रीय व वैश्विक स्तरों पर कंपनी के उत्पादन पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई। इस प्रस्तुति में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता पर भी जोर दिया गया।

इसके बाद, छात्रों ने स्पंज आयरन डिवीजन का विजिट किया जहां उन्होंने लौह अयस्क को स्पंज आयरन में बदलने की प्रक्रिया देखी, जो स्टील उत्पादन में एक महत्वपूर्ण मध्यवर्ती है। विशेषज्ञ इंजीनियरों ने यहां छात्रों को संबोधित करते हुए प्लांट के लेआउट, उपकरण और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर प्रकाश डाला, जिसमें डीआरआई प्रक्रिया जिसमें ऑक्सीजन को खत्म करने और धातु लोहा बनाने के लिए एक कम करने वाली गैस या मौलिक कार्बन के साथ लौह अयस्क को कम करना शामिल है।

इस औद्योगिक यात्रा का कुशल समन्वय स्कूल ऑफ साइंसेज के प्रोफेसर डॉ. नितिन जायसवाल, डॉ. अविधा श्रीवास्तव और डॉ. सिद्धार्थ कुमार द्वारा किया गया।

यह यात्रा छात्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी रही जिससे उन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं और बिजली उत्पादन की व्यावहारिक समझ में अंतर्दृष्टि मिली। इसमें छात्रों के बीच ऐसे चुनौतीपूर्ण वातावरण में काम करने वाले कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए गहरी प्रशंसा को बढ़ावा दिया गया जो आधुनिक उद्योगों की मांगों का पूर्ण करते हैं। इसके अलावा, इसमें यह भी रेखांकित किया कि कैसे एक कंपनी नवाचार और लचीलेपन के माध्यम से स्थिरता बनाए रख सकती है।









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354